# जागरण : सागर : दमोह : रायसेन : विदिशा

www.dainikjagranmpcg.com ● राहतगढ़ ● खुरई ● पथरिया ● सिलवानी ● गैरतगंज ● गंजबासौदा ● सिरोंज ● बीना ● शमशाबाद

भोपाल 09 सितंबर 2025


## अतिक्रमण हटाने जिला प्रशासन सक्रिय, दुकानदारों को चेतावनी

### तीनबत्ती से राधा तिराहे तक यातायात व्यवस्था की मुहिम, आगे भी होगी कार्यवाही



**जागरण, सागर।** शहर में दुकानदारों के जबरिया कब्जे ने यातायात व्यवस्था का कचूमर बना दिया है। तमाम कार्यवाहियों के बावजूद यह सुधरने का नाम नहीं ले रहे हैं। निगम प्रशासन ने इसलिए फिर से कार्रवाई शुरू की है। सोमवार को निगम की टीम ने कटरा क्षेत्र में अतिक्रमण कर यातायात के लिए बाधक बने दुकानदारों को चेतावनी देकर कार्यवाही की।

नगर निगम आयुक्त राजकुमार खत्री के निर्देशानुसार नगर निगम अतिक्रमण टीम एवं पुलिस प्रशासन द्वारा यातायात व्यवस्था के सुचारू संचालन हेतु शहर के मुख्य बाजार तीनबत्ती से राधा तिराहा, विजय टाकीज चौराहा तक यातायात व्यवस्था में बाधक बन रहीं दुकानों को व्यवस्थित करने की कार्रवाई की गई। नगर निगम प्रशासन द्वारा तीनबत्ती से कटरा मस्जिद एवं विजय टाकीज चौराहा तक हाथठेला पर दुकान लगाने वालों को अनाउंसमेंट कर हिदायत भी दी जा रही है कि पीली लाईन के अंदर दुकानों को लगाएं तथा प्रशासन द्वारा यातायात व्यवस्था के सुचारू संचालन हेतु बनाई गई व्यवस्था का पालन करें।



**बीना में दस एकड़ जमीन से हटाया अतिक्रमण**

बीना के प्रस्तावित देवल ग्राम की गौशाला की दस एकड़ जमीन से अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की गई। एसडीएम बीना विजय डेहरिया ने बताया कि कलेक्टर संदीप जीआर के निर्देश पर बीना की देवल ग्राम में 412 एकड़ में अत्याधुनिक गौशाला प्रस्तावित की गई है जिसमें कुछ लोगों द्वारा अतिक्रमण किया गया था। उन्होंने बताया कि राजस्व विभाग, पुलिस विभाग एवं पंचायत के द्वारा संयुक्त रूप से जांच करने पर कुछ लोगों के द्वारा लगभग 10 एकड़ जमीन पर फेंसिंग एवं टपरा बनाकर अतिक्रमण किया गया था जिसकी कीमत लगभग 50 लाख रुपए से अधिक आंकी गई है उस पर कार्रवाई की गई। उन्होंने बताया कि गोशाला की भूमि पर फेंसिंग लगाकर और टपरा बनाकर अवैध रूप से कर कब्जा किया गया था। जिसको जेसीबी के माध्यम से हटाने की कार्रवाई की गई। उन्होंने बताया कि इसी प्रकार आगे भी जांच कर अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई लगातार की जाती रहेगी।

## पितृपक्ष में गरीबों को भोजन वितरित हेतु दान दी राशि

**जागरण, सागर।** शासन के आदेशानुसार नगर निगम द्वारा संचालित दीनदयाल रसोई के माध्यम से पितृपक्ष के अवसर पर गरीब परिवारों को भोजन वितरण कराने हेतु नगर निगम के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने नई पहल प्रारंभ की है। नगर निगम नगरपालिका कर्मचारी संघ के प्रांतीय सचिव राजेश सिंह राजपूत ने सोमवार को निगमायुक्त राजकुमार खत्री एवं सभी शाखाओं के अधिकारियों एवं कर्मचारियों से उनकी स्वेछा से राशि एकत्र कर एनयूएलएम के सिटी मैनेजर विक्रम जैन को सौंपी। नगर निगम द्वारा संचालित दीनदयाल रसोई के संबंध में जानकारी देते हुए विक्रम जैन ने बताया कि शासन आदेश अनुसार गरीब परिवारों को 5 रुपये में भरपेट भोजन रसोई केंद्रों एवं चलित वाहन से उपलब्ध कराया जा रहा है। नगर निगम के अधिकारियों द्वारा 6 हजार रुपए की राशि एकत्रित कर दी गई है, उस राशि से प्रतिदिन गरीबों को भोजन कराया जाएगा। उन्होंने नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि जो भी व्यक्ति पितृपक्ष पर अपने पूर्वजों की तिथि पर गरीबों को भोजन कराना चाहते हैं वे 5 रुपए के हिसाब से अपनी स्वेच्छा अनुसार राशि दान करने हेतु नगर निगम की एनयूएलएम शाखा में जमा कर सकते हैं।

## डॉ.श्याम मनोहर सीरोठिया हुए सम्मानित

**जागरण, सागर।** विगत दिनों संस्कारधानी जबलपुर में साहित्यिक सांस्कृतिक संस्था गुंजन कला सदन मप्र द्वारा प्रख्यात शिक्षाविद कवि चिंतक स्व.डॉ.पूरनचंद श्रीवास्तव की पुण्य स्मृति में 36 वें बुंदेली दिवस के अवसर परसागर के वरिष्ठ चिकित्सक एवं गीतऋषि डॉ श्याम मनोहर सीरोठिया को साहित्य एवं चिकित्सा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य के लिए सम्मानित किया गया।

## खैजरा में फिर पारदी की हत्या, पत्नी को चांटे और पति को मारी गोली



**जागरण, गुना।** धरनावदा थाना क्षेत्र का पारदी बाहुल्य गांव एक बार फिर सुर्खियों में है। सोमवार को यहां एक और पारदी की हत्या का मामला सामने आया है। घटनाक्रम सोमवार सुबह करीब 9 बजे सामने आया है। बताया जा रहा है कि खैजरा निवासी खैरू पारदी गुना से लौटकर अपने घर पहुंचा था, तभी उसके पड़ोसी राम पूजन पारदी, किशना पारदी सहित 3 लोगों ने गोली चला दी। बंदूक से निकली गोली खैरू के दोनों पैरों को चीरते हुए आरपार निकल गई। खैरू के परिजन आनन-फानन में उसे जिला अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। जानकारी सामने आई है कि खैरू पारदी और रामपूजन के परिवार में कई सालों से रंजिश चली आ रही थी। शुक्रवार को राम पूजन के खेत में खैरू पारदी की भैंस चली गई। जिसको लेकर विवाद शुरु हुआ और रामपूजन ने खैरू की पत्नि को चांटा मार दिया। इसके बाद खैरू गुना से लौटा तो दोबारा दोनों पक्षों में बहस होने लगी। इसी दौरान रामपूजन ने फायर कर दिया। घटना के समय उसके साथ 3 से 4 लोग मौजूद बताए जा रहे हैं। खैरू की मौत के बाद जिला अस्पताल में पारदी महिलाएं विलाप करते नजर आईं। खैरू की पत्नि ने बताया कि उसकी 7 बेटियां हैं, जिनका भरण-पोषण खैरू ही करता था। इतना ही नहीं उसकी सबसे बड़ी बेटी भी उसी के साथ रहती थी। खैरू पूरे परिवार का इकलौता संरक्षक था। उसकी हत्या के बाद पूरा परिवार सदमे में है। वहीं धरनावदा पुलिस ने मामले की जानकारी मिलने पर गोली चलाने वाले आरोपियों की तलाश शुरु कर दी है।

### दो गुटों में वर्चस्व की लड़ाई

खैजरा में बार-बार हो रहे खूनी संघर्ष दरअसल दो गुटों के बीच वर्चस्व की लड़ाई का परिणाम है। यहां आए दिन मारपीट और जमीनी विवाद की घटनाएं सामने आती रहती हैं और हत्या जैसी वारदातें आम हो चुकी हैं। बताया जा रहा है कि खेरू की हत्या भी वर्चस्व और विवाद का नतीजा है। जबकि पीड़ित परिवार इसे भैंस को लेकर शुरु हुई विवाद से जोड़ रहा है। पुलिस के मुताबिक जिस व्यक्ति पर मारपीट का आरोप लगा है वह भी हिस्टीशीटर है। ऐसे में हो सकता है कि दोनों पक्षों के बीच हाल ही के दिनों में कोई और बड़ा सांर्ष हुआ हो, जिसकी जानकारी पुलिस जुटा रही है।

## खेल में जीतते हैं, सीखते हैं लेकिन हारते नहीं, खेल भावना भी है जरूरी : कलेक्टर

### 69वीं राज्य स्तरीय ताइक्वांडो शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता शुरू, कई संभाग ले रहे हैं हिस्सा




**जागरण, सागर।** खेल में जीतते हैं, सीखते हैं लेकिन हारते नहीं। खेलते रहिए और आगे बढ़ते रहिए। उक्त विचार कलेक्टर संदीप जीआर ने पांच दिवसीय 69वीं राज्य स्तरीय ताईक्वांडो शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता के शुभारंभ अवसर पर व्यक्त किये। इस अवसर पर संयुक्त संचालक लोक शिक्षण मृत्युंजय कुमार, जिला शिक्षा अधिकारी अरविंद जैन सहित संभागों से आए खिलाड़ी, जोनल मैनेजर एवं स्थानीय अधिकारी मौजूद थे। कलेक्टर ने कहा कि खेल को पूरी खेल भावना एवं ईमानदारी के साथ खेल और आगे बढ़े। उन्होंने कहा कि किसी भी खेल में कोई भी हारता नहीं है केवल कुछ कमी के कारण वह पीछे हो जाता है और सामने वाला आगे निकल जाता है। आप लगातार कोशिश करें और आगे बढ़े। जेडी मृत्युंजय कुमार ने कहा कि पहले कहावत थी पढ़ोगे लिखोगे बनोगे नवाब और खेलोगे कूदोगे तो होगे बर्बाद किन्तु अब यह कहावत बदल गई है। इसलिए पढ़ाई के साथ खेलना भी आवश्यक है। उन्होंने कहा कि सभी खिलाड़ियों को दुनिया में मुझसे आगे कोई नहीं इसी भावना के साथ खेलना चाहिए और आगे बढ़ना चाहिए। उन्होंने सभी को बधाई दी।

डीईओ ने स्वागत भाषण में प्रतिवेदन प्रस्तुत करते हुए कहा कि प्रतियोगिता में खेल ताईक्वांडो बालक/बालिका 14, 17 वर्ष के खेल खेले जाएंगे। डीईओ ने बताया कि प्रतियोगिता में सहभागी संभाग भोपाल, ग्वालियर, इंदौर, जबलपुर, जनजातीय कार्य विभाग, नर्मदापुरम, रीवा, संभाग, सागर एवं उज्जैन संभाग के लगभग 375 से अधिक प्रतियोगी शामिल हुए। कलेक्टर ने प्रतियोगिता के शुभारंभ की घोषणा की एवं सभी को शपथ दिलाई।

## आपत्तिजनक पोस्टर पर मामला दर्ज करने की मांग



**जागरण, गौरझामर।** धार्मिक भावनाओं को आहत करने वाली पोस्ट सोशल मीडिया पर डाले जाने से गुस्साए लोगों ने थाने पहुंचकर थाना प्रभारी को ज्ञापन देकर आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज करने की मांग की। आवेदन में कहा गया है कि सोशल मीडिया पर धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने वाली पोस्ट डालने को लेकर सभी पितरों को तर्पण कर रहे लोगों ने लीलाधर साहू निवासी हांता गुगवारा के खिलाफ थाने में मामला दर्ज करने की मांग की है। लीलाधर साहू द्वारा व्हाट्सएप व फेसबुक पर धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने वाली एक पोस्ट डाली।

जिसमें पितरों को तर्पण कर रहे लोगों के बारे में अनर्गल टिप्पणी की गई थी। इस मामले को लेकर पितरों को तर्पण कर रहे लोगों ने एक बैठक के बाद इस मामले में विरोध प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शन में शामिल लोग थाने पहुंचे और पुलिस को एक ज्ञापन दिया। जिसमें आरोपी पर एफआईआर न होने की स्थिति में उग्र आंदोलन करने की चेतावनी दी गई।

## नेशनल लोक अदालत 13 को, प्रचार प्रसार गाड़ी रवाना

**जागरण, गढ़ाकोटा।** शासन द्वारा 13 सितंबर को नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है जिसमे सोमवार को तहसील प्रांगण जिला एवं तहसील न्यायालय परिसर गढ़ाकोटा से रथ को हरी झंडी दिखा कर प्रचार प्रसार हेतु कचरा गाड़ी रवाना किया गया। नेशनल लोक अदालत में सभी विवादों का त्वरित, सस्ता और सुलभ निपटारा, बिना किसी अपील व लम्बी प्रक्रिया केए निर्णय दोनों पक्षों के लिए मान्य, बैंक ऋण, बिजली-पानी बिल, पारिवारिक विवाद, मोटर दुर्घटना दावा, भूमि/मकान संबंधी मामले और अन्य सिविल एवं आपराधिक शमनीय मामले आदि का निराकरण किया जाएगा। विशेष सहयोगी नगरपालिका परिषद गढ़ाकोटा कार्यक्रम गुमास्ता के द्वारा कराया गया।

## अभद्र नारेबाजी पर शिवसेना सहित हिन्दू संगठनों ने सौंपा ज्ञापन



**जागरण, सागर।** बीते दिनों शहर में वाहन रैली के दौरान सामाजिक सौहार्द बिगाड़ने वाले नारों से आक्रोशित शिवसेना, विश्व हिंदू परिषद, हिंदू महासेना, बजरंग दल, हिंदू जागरण मंच के कार्यकर्ताओं ने बरसते पानी में पुलिस अधीक्षक कार्यालय पर जोरदार प्रदर्शन करते हुए ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में उल्लेखित है कि शहर की शांति सामाजिक सौहार्द बिगाड़ने वाले सर तन से जुदा जैसे आपत्तिजनक नारे लागने वालों अराजक तत्वों पर रासुका एवं बुलडोजर की कार्रवाई की जावे। रंगरेज मस्जिद पर राष्ट्रय ध्वज तिरंगे का अपमान करने वाले मस्जिद कमेटी के अध्यक्ष एवं सदस्यों पर राष्ट्रद्रोह का मुकदमा दर्ज किया जाए। शिवसेना उप राज्य प्रमुख पप्पू तिवारी ने कहा कि रंगरेज मस्जिद पर किए गए राष्ट्रीय ध्वज तिरंगे का अपमान करने वाली मस्जिद कमेटी पर अभी तक मुकदमा दर्ज ना होना पुलिस की बड़ी नाकामी है। हिंदू जागरण मंच अध्यक्ष डॉ.उमेश सराफ ने कहा कि कटारा मस्जिद पर चक्काजाम कर जबरन दुकानें बंद करने वाले तत्वों पर तत्काल मुकदमा दर्ज होना चाहिए। शिवसेना जिला प्रमुख दीपक सिह लोधी, हिंदू महासेना अध्यक्ष कौंशल यादव, शिवसेना जिला प्रभारी विकास सिंह ने कार्यवाही क मांग की है। इस दौरान पंकज दुबे, आशुतोष तिवारी, शशांक ठाकुर, शिवशंकर दुबे सहित सभी हिंदू संगठनों के कार्यकर्ता शामिल थे।



## गंगा आरती में उमड़ रही है श्रद्धालुओं की भीड़, उत्साह से हो रहे शामिल

**जागरण, सागर।** ऐतिहासिक लाखा बंजारा झील को स्वच्छ और सुंदर बनाए रखने व स्वच्छता के प्रति जन जागरुकता लाने के उद्देश्य से गंगा आरती की जा रही है। नगर निगम आयुक्त एवं स्मार्ट सिटी सह कार्यकारी निदेशक राजकुमार खत्री के मार्गदर्शन में लाखा बंजारा झील किनारे चकराघाट पर पिछले एक वर्ष से प्रत्येक सोमवार को आयोजित की जा रही गंगा आरती में बड़ी संख्या में विभिन्न वार्डों के नागरिक महिलाएं, बच्चे, युवा, बुजुर्ग श्रद्धा उत्साह एवं हर्षोल्लास के साथ शामिल होकर धर्म लाभ ले रहे हैं। स्मार्ट सिटी एवं नगर निगम द्वारा चकराघाट पर किए गये सौन्दर्यीकरण के कार्यों के कारण यह ऐतिहासिक स्थल नागरिकों के आकर्षण व श्रद्धा का केंद्र बन चुका है तथा गंगा आरती में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल होकर धर्म लाभ ले रहे हैं। सागर की ऐतिहासिक धरोहर लाखा बंजारा झील किनारे गंगा आरती का यह अद्भुत आयोजन नागरिकों को झील से जोड़ रहा है। समय-समय पर शहर के सम्माननीय नागरिकजन यजमान बनकर गंगा आरती का पूजन कर रहे हैं। निगम आयुक्त ने बताया कि गंगा आरती में जो भी श्रद्धालु यजमान बनना चाहते हैं, वे आरती के 30 मिनट पहले आरती स्थल पर अंकित दीक्षित या पुजारीजन से चकराघाट पर संपर्क कर यजमान बन सकते हैं।

## अनुज्ञप्ति लायसेंस के संबंध में व्यापारी संघों ने ज्ञापन सौंपा



**जागरण, सागर।** नगर निगम अध्यक्ष वृंदावन अहिरवार एवं नगर निगम आयुक्त राजकुमार खत्री को सराफा एसोसिएशन कैट सहित सभी व्यापारी संघों ने ज्ञापन सौंपकर मांग की है कि अनुज्ञप्ति लायसेंस को स्थगित किया जाए। निगमायुक्त ने सभी व्यापारी संघों के पदाधिकारियों से चर्चा करते हुए कहा कि अनुज्ञप्ति लायसेंस को शासन द्वारा लागू किया गया है इसलिए इसे किसी भी स्थिति में स्थगित नहीं किया जा सकता है लेकिन व्यापारी संघों के साथ बैठक कर बीच का रास्ता निकालने का प्रयास करेंगे। निगमायुक्त ने कहा कि इस संबंध में शासनादेश के संबंध में नगर निगम परिषद की बैठक में निर्णय लेकर लागू किया गया था इसलिए नगर निगम परिषद की बैठक में इस संबंध में निर्णय लिया जाएगा, तब तक के लिए अनुज्ञप्ति लायसेंस को स्थगित किया जाता है। इस संबंध में सर्राफा एसोसिएशन के अध्यक्ष ने बताया कि विधायक शैलेंद्र जैन से भी इस विषय में चर्चा हो चुकी है। उन्होंने भी बीच का रास्ता निकालने का आश्वासन दिया था। इस अवसर पर बड़ी संख्या में व्यापारी उपस्थित थे।

## 5 साल से फरार छेड़छाड़ का आरोपी गिरफ्तार

**गुना।** पुलिस अधीक्षक अंकित सोनी के निर्देश पर, गुना पुलिस ने लंबे समय से फरार चल रहे आरोपियों और वारंटियों की गिरफ्तारी के लिए एक विशेष अभियान चलाया है। इसी कड़ी में, केंट थाना पुलिस ने पांच साल पुराने छेड़छाड़ के एक मामले में फरार चल रहे एक स्थायी वारंटी को गिरफ्तार किया है। साल 2020 में, आरोपी अशोक जाटव (उम्र 40) निवासी ग्राम बिसोनिया के खिलाफ केंट थाने में एक महिला के घर में घुसकर उससे छेड़छाड़ करने का मामला दर्ज हुआ था. यह मामला अपराध क्रमांक 231/20 के तहत धारा 457 और 354 भादवि के अंतर्गत दर्ज किया गया था। यह आरोपी लगातार कोर्ट की कार्यवाही से बच रहा था, जिसके बाद कोर्ट ने उसकी गिरफ्तारी के लिए स्थायी वारंट जारी किया था।

**स्मृति कार्यक्रम** | बहुआयामी विट्ठलभाई पटेल की याद में 14 सितंबर को होगा आयोजन

## रुपहले शब्दों के जादूगर के नाम शहर में सजेगी सुरीली महफिल



**जागरण, सागर।** वह 1973 वर्ष था। तब सैल्यूलाइड के पर्दे पर एक ही नाम चलता था और वह था हिंदी सिनेमा के पहले सुपरस्टार राजेश खन्ना का। ऐसे दौर में अचानक एक आंधी के रूप में बॉबी आई। दो नए कलाकारों का उदय हुआ लेकिन इनके साथ फिल्म आकाश में सागर का नाम भी चमका। फिल्म के बेहद लोकप्रिय गीत को शब्द देने वाले थे हमारे विट्ठलभाई पटैल, जो फिल्म की रिलीज के बाद छा गए।

अब ऐसे हरफनमौला व्यक्तित्व वाले इस शख्स को स्मरण करते हुए शहर में पहली बार दर्शकों/श्रोताओं को आने वाले 14 सितंबर को सुरमयी संगीत भरी महफिल की सौगात मिलने वाली है। सुरों से सजी एक शाम, स्वर्गीय विट्ठल भाई पटेल के नाम : भुलाए नहीं भूलती भैया की याद से यह कार्यक्रम वैसे तो कई वर्षों से इंदौर में आयोजित होता रहा है लेकिन इस बार शहर इस शाम का गवाह बनेगा। कार्यक्रम को लेकर आयोजक स्वर्गीय विट्ठल भाई पटेल सांस्कृतिक प्रतिष्ठान ने जानकारी दी। कार्यक्रम संयोजक ललित अग्रवाल ने बताया कि स्वर्गीय श्री पटेल की स्मृति में 14 सितंबर को शाम 7 बजे से संगीत संध्या एवं सम्मान समारोह का आयोजन पद्माकर सभागार मोतीनगर में किया जाएगा। महफिल में एक साथ कई आवाजों में गाने वाले बेजोड़ गायक साई राम अय्यर अपनी प्रस्तुति देंगे। साथ ही गायिका इशिता विश्वकर्मा, गायक अनिल श्रीवास्तव व इकबाल खान भी संगीत संध्या में अपने सुरों से रोमांचित करेंगे। इस मौके पर साहित्य, पत्रकारिता, फिल्म, समाजसेवा आदि क्षेत्रों में उल्लेखनीय कार्य करने वाली हस्तियों को सम्मानित किया जाएगा। आयोजन स्वर्गीय विट्ठल भाई पटेल सांस्कृतिक प्रतिष्ठान इंदौर व सागर के संयुक्त तत्वावधान में किया जा रहा है। पत्रकार वार्ता में डॉ.अंकलेश्वर दुबे, सुनील भाई पटेल, अजय दुबे भी मौजूद थे। श्री अग्रवाल ने बताया कि दिवंगत पटेल को समर्पित यह कार्यक्रम 2014 से अब तक (कोरोना काल को छोड़कर) हर साल इंदौर में आयोजित किया जाता रहा है। इस साल का आयोजन उनकी जन्म व कर्मस्थली सागर में किया जा रहा है। खास वजह यह भी है कि यह कार्यक्रम शोमेन राज कपूर के जन्म शताब्दी वर्ष को समर्पित है। कई टीवी चैनल पर आवाज का जादू बिखेर चुके आशीष दबे कार्यक्रम के सूत्रधार होंगे और संगीत संयोजन करेंगे। ख्यात म्यूजिक अरेंजर योगेश पाठक की 10 सदस्यीय टीम गीतों को अपनी साजकारी से सजाएंगे। साईराम अय्यर भारत के लाइव स्टेज शोज के ऐसे बेजोड़ कलाकार जिन्हें ईश्वर ने एक ही गले से पुरुष और महिला स्वर के गीत गाने का हुनर बख्शा है। बता दें कि विट्ठल भाई पटैल ने हिन्दी फिल्मों में करीब 70 गीत लिखे हैं। इनमें बॉबी फिल्म के गीत झूठ बोले कौआ काटे ने उन्हें शोहरत की ऊंचाई तक पहुंचा दिया था। इसने सागर को बम्बई (अब मुंबई) में जाना-पहचाना शहर बना दिया था। बाद में श्री पटैल अभिनेता निर्माता निर्देशक राज कपूर से गहरे जुड़े और कई फिल्मों के लिए गीत लिखे। एक उद्योगपति, राजनेता, समाजसेवी से अलग साहित्यकार और गीतकार के रूप में उन्होंने अपनी अलग पहचान बनाई थी। सुनील भाई पटैल ने बताया कि हमारी इच्छा है कि सागर शहर में विट्ठलभाई पटैल की स्टेच्यू स्थापित की जाए ताकि कला मर्मज्ञ उनसे प्रेरणा ले सके।

## न्यूज कार्नर

### ई-अटेंडेंस को लेकर कलेक्टर से की चर्चा



**दमोह।** ई-अटेंडेंस को लेकर आज़ाद अध्यापक संघ ज़िला दमोह कार्यकारिणी ने कलेक्टर के आमंत्रण पर उनसे परस्पर संवाद किया और अवगत कराया कि हमारे शिक्षक एप को लेकर प्रदेश भर से आर्थिक ठगी की सूचनाएं मिल रही हैं। ऐप को लेकर संपूर्ण मध्यप्रदेश में शंका और भ्रम की स्थिति बनी हुई है। जब तक ये आशंकाएं समाप्त नहीं हो जाती और समस्त कर्मचारियों को इसके दायरे में नहीं लाया जाता, तब तक किसी को बाध्य न किया जाए, न ही कोई कार्यवाही या नोटिस जारी किए जाएं। जिस पर कलेक्टर ने गंभीरता से और ये समस्याएं सरकार तक पहुंचाने का आश्वासन दिया है। अब किसी भी साथी को डरने या घबराने की आवश्यकता नहीं है। आप स्वतंत्रता से अपनी स्कूल में अपना अपना कार्य करें। कलेक्टर के समक्ष बटियागढ़ और जबेरा के बीईओ की कार्यप्रणाली को लेकर भी रोष व्यक्त किया गया। प्रतिनिधि मंडल में मुकेश सराफ, अभय भट्ट, डॉ. आलोक सोनवलकर, मुरारीलाल अहिरवार अजाक अध्यक्ष, ताहिर खान, सुनील सोनी और अन्य संगठनों के सदस्य मौजूद रहे।

### विधायक मलैया ने आमजनों से की भेंट



**दमोह।** सोमवार को दमोह विधायक जयंत कुमार मलैया ने अपने निवास पर आमजनों से भेंट की। इस दौरान उन्होंने उनकी समस्याओं को सुना। साथ ही सबंधित अधिकारियों को समस्याओं के सबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। श्री मलैया ने कहा कि जनता की सेवा ही उनका मुख्य उद्देश्य है और वे निरंतर क्षेत्रीय विकास तथा जनसमस्याओं के समाधान हेतु प्रतिबद्ध हैं।

### ग्रामीणों ने गांव को नशा मुक्त बनाने लिया संकल्प, महिलाओं की रही सकारात्मक भूमिका

# नशा मुक्त ग्राम बनाने ग्राम पंचायत बांसाकलां की पहल





**जागरण पथरिया।** जहां चारों ओर शराब की वजह से अफरा तफरी मची है और तो और नसे की हालत में सैंकड़ों युवाओं ने अपने भविष्य को अंधकार में धकेल दिया, इन्हीं सबको देखते हुए सोमवार के दिन ग्राम बांसाकलां में गांव एवं भगवती मानव कल्याण संगठन शाखा पथरिया के संयुक्त तत्वावधान में नशा मुक्त ग्राम अभियान को लेकर ग्राम बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में सरपंच यतेन्द्र सिंह बांकड़ा, जनपद सदस्य आदर्श सिंह ठाकुर, उपसरपंच दयाराम पटेल, सचिव असगर खान, राजेंद्र सिंह बकील साब, मुकेश सिंह ठाकुर, भारतीय जनता पार्टी के मंडल अध्यक्ष रमेश पटेल, वरिष्ठ नेता देवेंद्र सिंह बांकड़ा, झब्बू सिंह ठाकुर, सामाजिक कार्यकर्ता घनश्याम पटेल सहित संगठन और स्वयंसेवी संस्थाओं और ग्राम की बड़ी संख्या में महिलाओं और लोगों की उपस्थिति रही।

सरपंच यतेन्द्र सिंह बांकड़ा ने कहा कि आज से ग्राम में अवैध शराब बिक्री और जो भी व्यक्ति शराब पीकर गली मुहल्ले और विद्यालय और अन्य जगह पर लोगों को गाली देता हुआ पाया गया या परेशान करता दिखा उस पर सख्त कानूनी कार्यवाही करवाई जाएगी। इसी दौरान बैठक आयोजित कर अनुविभागीय अधिकारी निकेत चौरसिया, राजस्व अधिकारी पथरिया, पुलिस थाना प्रभारी पथरिया आदि सभी जगह पर ज्ञापन और प्रस्ताव सभी की सहमति से दिया गया। अब ग्राम बांसा कलां को ग्रामीणजनों के सहयोग से हमें नशा मुक्त बनाना है और कोई व्यक्ति चोरी छुपे अवैध शराब की बिक्री करता है तो उसे ग्राम की जनकल्याणकारी योजनाओं से वंचित किया जाएगा और पंचायत से कोई भी लाभ नहीं दिया जाएगा। इस दौरान बड़ी संख्या में ग्रामीणजनों सहित महिलाओं और लोगों की उपस्थिति रही।

# एक दिवसीय निःशुल्क फिजियोथैरेपी शिविर में पहुंचे 65 मरीज, मिला इलाज



**जागरण हटा।** विश्व फिजियोथेरेपी दिवस के उपलक्ष्य में सोमवार को राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत हटा सिविल अस्पताल में एक दिवसीय फिजियोथेरेपी शिविर आयोजित किया गया। जिसमें 60 वर्ष के ऊपर आयु वर्ग के लोगो का पंजीयन किया गया। प्रातः 9 बजे से सायं 4 बजे आयोजित किया गया। जिसमें 65 मरीजों का पंजीयन किया गया, उनकी समस्याएं पूछी गई, अनेक को योग व्यायाम करने खानपान में सावधानी रखने आदि की सलाह दी गई। अनेक मरीजों की फिजियोथेरेपी की गई, कुछ मरीजों को नियमित अस्पताल में ही फिजियोथेरेपी कराने की सलाह दी गई। शिविर का शुभारंभ सीबीएमओ डॉ. उमाशंकर पटेल द्वारा किया गया। बीपीएम विक्रांत सिंह ने पंजीयन आरम्भ किया। फियोथेरेपिस्ट डॉ. अल्पना पटेल ने मरीजों की फिजियोथेरेपी कर आवश्यक सुझाव दिए। मरीजों ने उपचार से संतोष व्यक्त किया और फिजियोथेरेपी के महत्व के बारे में जागरूकता प्राप्त की। शिविर के अय्योजन की लोगों ने सराहना की। शिविर में एएनएम दशरथ कोरी ने भी सराहनीय सहयोग किया।

## दिवाकर का जेएनयू में चयन, इतिहास संकाय में करेंगे पीएचडी

**जागरण हटा।** हटा में ग्रामीण अभियांत्रिकी सेवा विभाग में उपयंत्री भागीरथ तंतुवाय के पुत्र दिवाकर का चयन जेएनयू दिल्ली में पीएचडी एनसीएन्ट हिस्ट्री के लिए हुआ हैं। इनकी माता संध्या तंतुवाय शिक्षिका है। दिवाकर प्रारंभिक शिक्षा से ही होनहार विद्यार्थी रहे हैं। अब उन्होंने इस उपलब्धि को हासिल कर एक बार फिर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है। इस विषय के लिए देश की जानी मानी जवाहरलाल नेहरू यूनिवर्सिटी में सिर्फ एक सीट ही थी जिसमें उनका चयन हुआ है। दिवाकर ने नेट जेआरएफ के बाद जूनियर रिसर्च फैलोशिप की परीक्षा उत्तीर्ण की थी। अब प्राचीन भारतीय इतिहास विषय में शोध कर पीएचडी की उपाधि प्राप्त करेंगे।

# नरसिंहगढ़ की सुनार नदी में डूबे दोनों नाबालिगों के शव मिले



**जागरण दमोह।** जिले के नरसिंहगढ़ के समीप सुनार नदी में रविवार शाम दो किशोर डूबने की खबर पर गोताखोर और होमगार्ड/एसडीआरएफ की टीम एवं गोताखोरों की मदद से तलाश कर रहे थे जिन्होंने एक किशोर का शव दोपहर में ढूंढ निकला था।

वहीं दूसरे का शव भी नदी से निकाल लिया गया है। पुलिस ने पहले निसार कुरैशी की लाश का पंचनामा कर परिजन को पोस्ट मार्टम के लिए सौंप दिया है और अब दूसरा शव माजिद कुरैशी का बरामद कर उसे भी पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। कुरैशी मंडी इलाके के दोनों किशोरों की मौत के बाद इलाके में मातम पसरा हुआ है।

# युवा शक्ति को अंतरराष्ट्रीय अवसरों से जोड़ने की ओर कदम : कलेक्टर

**जागरण दमोह।** कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने बताया इस बार युवा संगम 23 सितंबर को पीजी कॉलेज में आयोजित किया जायेगा। पीजी कॉलेज में रखने का उद्देश्य यहां बड़ी संख्या में युवा पढ़ाई करते हैं, आगे चलकर उनके लिए रोजगार और स्वरोजगार के लिए संभावना अच्छी रहे, इसलिए इस बार युवा संगम पीजी कॉलेज में आयोजित किया जाएगा। उन्होंने बताया युवा संगम में चार कंपोनेंट लिए गए हैं। पहला कुछ अच्छी कंपनियां युवाओं को ऑफर लेटर देगी, दूसरा स्वरोजगार के लिए ऋण युवाओं को दिया जाएगा, तीसरा दमोह की लोकल कंपनियां यहां पर आएंगी और लोकल रोजगार के लिए अवसर भी रहेंगे। कलेक्टर ने बताया चौथा कंपोनेंट इस बार जोड़ा गया हैं जिसमें जर्मनी से कुछ लोग आ रहे हैं यहां पर एक ओरियंटेशन युवाओं के लिए करेंगे, जर्मनी में कौन-कौन से पदों पर भारतीयों के लिए नौकरियों के अवसर हैं और उसके लिए पात्रता की शर्तें क्या है जिसके लिए युवाओं को क्या-क्या करना पड़ेगा, योग्यताएं क्या हैं, यह ओरिएंटेशन सेशन युवा संगम में रखा जा रहा हैं। उन्होंने दमोह जिले के सभी युवाओं से आग्रह करते हुए कहा ऐसे विद्यार्थी जो विदेश जाकर कर नौकरी या काम करना चाहते हैं, वे इस सेशन में जरूर आए, जानकारियां प्राप्त करें कि विदेश में नौकरी कैसे प्राप्त की जा सकती हैं। कलेक्टर कोचर ने स्पष्ट किया कि जर्मनी से वह रोजगार के लिए नहीं आ रहे हैं, केवल ओरिएंटेशन सेंशन करने के लिए आ रहे हैं, आपको जानकारी दी जाएगी इसके बाद आगे एक रोजगार शिविर लगाया जाएगा जिसमें वे नौकरियां भी देंगे, यह दमोह जिले के लिए अंतर्राष्ट्रीय लेवल पर शुरुआत करने जा रहे हैं।

## कलेक्टर की नई पहल सुनवाई भी सेवा भी

**जागरण दमोह।** कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने बताया कि एक नई व्यवस्था लागू कर रहे है जिसका नाम है सुनवाई भी, सेवा भी तो इस व्यवस्था के तहत् हर मंगलवार जनसुनवाई स्थल पर 14 अलग-अलग काउंटर लगाने जा रहे हैं जिसमें लोगों को अलग-अलग तरह की सुविधा मिलेगी। विशेष पहल के रूप में 15वीं सुविधा रक्तदान शिविर होगी, जहां पर एयर कंडीशन वाहन में इच्छुक लोग रक्तदान कर सकेंगे। कलेक्टर ने कहा कि वहां पर 14 अलग-अलग तरीके के काउंटर्स हैं जिसमें आवेदन लिखने की निःशुल्क सुविधा, आयुष्मान कार्ड, 70 साल से अधिक के लोगों का आयुष्मान कार्ड, संबल कार्ड, किसानों की फार्मर आईडी, समग्र में सुधार, आधार में अपडेट और पशुओं से संबंधित वहां पर किसान बहुत बड़ी संख्या में आते हैं तो कृषि और पशुपालन से संबंधित सेवाएं वहां पर लोगों को देने का काम करेंगे इस प्रकार अलग-अलग तरीके की सेवाएं जो आम जनता के लिए उपयोगी हैं यह सेवाएं मंगलवार को सुबह 11 बजे से लेकर के जन सुनवाई खत्म होने तक उपलब्ध रहेगी।

## बड़ी कार्रवाई: देवल गौशाला की 10 एकड़ जमीन से हटाया अतिक्रमण



**बीना जागरण।** कलेक्टर संदीप जीआर के निर्देश पर विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत आने वाले ग्राम देवल में प्रस्तावित गौशाला की जमीन से अतिक्रमण हटाने की बड़ी कार्रवाई की गई। गौशाला के लिए कुल 412 एकड़ भूमि आरक्षित की गई है जिसमें से करीब 10 एकड़ पर कुछ लोगों ने फेंसिंग लगाकर और टपरे बनाकर कब्जा कर लिया था। इस जमीन की कीमत लगभग 50 लाख रुपए से अधिक बताई जा रही है। एसडीएम विजय डेहरिया ने बताया कि राजस्व विभाग, पुलिस विभाग और पंचायत की संयुक्त टीम ने मौके पर जांच कर अवैध कब्जे की पुष्टि की। इसके बाद जेसीबी मशीन से अतिक्रमण हटाया गया। उन्होंने कहा कि गौशाला की जमीन पर किसी भी प्रकार का अवैध कब्जा बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इसी प्रकार आगे भी जांच कर कार्रवाई जारी रहेगी।

## श्रीमद् भागवत कथा सुनने मात्र से जन्म मरण से मुक्ति मिल जाती है : पं. शास्त्री





**बीना जागरण।** माँ जागेश्वरी शक्तिपीठ पर चल रही श्रीमद् भागवत कथा के द्वितीय दिवस पं.जयनारायण शास्त्री ने राजा परीक्षित के जन्म एवं उनके प्रसंगों का वर्णन किया। जिसमें उनके जन्म से जुड़ी घटनाओं और उनके भविष्य से संबंधित प्रसंग शामिल रहे। उन्होनें शुकदेव के जन्म और उनकी माया से मुक्ति की गाथा भी सुनाई जो दर्शाता है कि भक्ति और ज्ञान ही माया से मुक्ति दिला सकते है। कथा वाचक पं.शास्त्री ने राजा परीक्षित के जन्म से जुड़े प्रसंगों का वर्णन करते हुये उनके जन्म के समय हुई अलौकिक घटनाओं का उल्लेख किया। उन्होनें बताया कि शुकदेव द्वारा जन्म के समय अमर कथा सुन लेने के कारण भगवान शंकर ने पीछा किया था और बाद में भगवान नारायण ने स्वयं आकर उन्हें माया से मुक्त होने का आश्वासन दिया। कथा में यह बताया गया कि कैसे मानव माया के बंधन में बंधा रहता है और बार-बार जन्म लेता है। भागवत कथा से इस जन्म-मरण के चक्र से मुक्त होकर नारायण के धाम में स्थान पाने का मार्ग प्रशस्त होता है। कथा के माध्यम से बताया जाता है कि प्रभु से बढ़कर कोई सुख और सम्पदा नहीं है। भक्ति ही मनुष्य को शांति और आनंद प्रदान करती है।

CHANGE OF NAME
I, SANGITA, IS MOTHER OF ARMY NO-4592315H, RANK-SEP, NAME-SONAWALE AJIT UMESH SERVING IN UNIT 5 MAHAR (BORDERS) C/O 56 APO HOME ADDRESS –AT-UKHALMAL POST-ANTHURNE,TEH-INDAPUR, DIST.-PUNE, STATE-MAHARASHTRA, PIN CODE-413114, HAVE CHANGED MY NAME FROM SANGITA to SANGITA UMESH SONAWALE VIDE AFFIDEVIT DATED 08/09/2025 EXECUTED BEFORE DISTRICT COURT SAGAR M.P.

CHANGE OF NAME
I, SONAWALE UMESH BAPU , FATHER OF ARMY NO—4592315H, RANK-SEP, NAME-SONAWALE AJIT UMESH SERVING IN UNIT 5 MAHAR (BORDERS) C/O 56 APO HOME ADDRESS- AT-UKHALMAL POST-ANTHURNE, TEH-INDAPUR, DIST.- PUNE,STATE-MAHARASHTRA, PIN CODE-413114, HAVE CHANGED MY NAME FROM SONAWALE UMESH BAPU TO UMESH BAPU SONAWALE VIDE AFFIDEVIT DATED 08/09/2025 EXECUTED BEFORE DISTRICT COURT SAGAR M.P.

# 40 साल तक कार्यकर्ताओं ने अथक परिश्रम कर भाजपा को शिखर तक पहुंचाया : भूपेन्द्र

### पूर्व मंत्री बोले- हमेशा बीना के विकास की चिंता की है और इसे कभी भी खुरई से अलग नहीं समझा







**बीना जागरण।** पूर्व गृहमंत्री, पूर्व सांसद एवं खुरई विधायक भूपेन्द्र सिंह ने सोमवार को बीना पहुंचे इस दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं, स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने उनका भव्य स्वागत किया। उनके स्वागत में लगभग 40 से अधिक स्थानों पर स्वागत द्वार लगाये गये थे। उनके बीना पहुंचते ही समर्थकों द्वारा आतिशबाजी की गई और उनका पुष्प मालाओं से जोरदार स्वागत किया। पूर्व गृहमंत्री ने अपने बीना दौरे का आरंभ भाजपा के वरिष्ठ नेता व प्रदेश के पूर्व मंत्री रहे स्व सुधाकर राव बापट के पैतृक ग्राम ढुरुआ पहुंच कर की। यहां वे स्व. सुधाकर राव बापट के पुत्र वरिष्ठ भाजपा नेता संजय बापट के निवास पहुंचे और उनके परिजनों से भेंट की। यहां संजय बापट के परिजनों व पूर्व विधायक महेश राय सहित अनेक वरिष्ठ नेताओं ने पूर्व गृहमंत्री का स्वागत किया। जिसके बाद सर्वोदय चौराहा स्थित अटल मंच पहुंच कर उन्होनें कार्यकर्ताओं, पदाधिकारियों एवं नेताओं से आत्मीय भेंट की। इस अवसर पर बड़ी संख्या में पार्टी के कार्यकर्ता उपस्थित रहे। जिनके उत्साह और अटूट समर्पण के लिए पूर्व गृहमंत्री भूपेन्द्र सिंह ने सभी कार्यकर्ताओं का ह्रदय से धन्यवाद व आभार व्यक्त किया। सर्वोदय चौराहा पर मीडिया से चर्चा करते हुए पूर्व मंत्री ने कहा कि भाजपा कार्यकर्ताओं ने चालीस सालों के अथक परिश्रम से भाजपा को शिखर तक पहुंचाया है और संगठन को सशक्त बनाया है। ऐसे कर्मठ और संगठन के प्रति निष्ठावान कार्यकर्ताओं से भेंट करना मेरा दायित्व है जिसे पूरा करने मैं समय समय पर बीना का दौरा करता हूं। उन्होंने कहा कि उन्होंने हमेशा बीना के विकास की चिंता की है और कभी भी बीना को खुरई से अलग नहीं समझा। उन्होंने कहा कि निरंतर हो रहे विकास ने बीना और खुरई के बीच का फासला कम कर दिया है और दोनों लगभग एक ही हो गये हैं इसलिए दोनों के हित भी समान हैं। उन्होंने नगर पालिका उपाध्यक्ष पं.रमाकांत गोटू बिलगैंया के निवास पहुंच कर विगत दिनों दिवंगत हुए पं.रामप्रसाद बिलगैंया को श्रद्धासुमन अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। इसके बाद वह ग्राम देहरी पहुंचे जहां पर उन्होनें स्व.भगवान सिंह ठाकुर के श्राद्ध पटा में पहुंच कर उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी एवं पूर्व मंडी अध्यक्ष लोकेंद्र सिंह ठाकुर व परिजनों से भेंट की। श्री ठाकुर का काफिला उनके समर्थकों द्वारा जगह-जगह रोका गया और उनका स्वागत किया। पूर्व मंत्री भूपेन्द्रसिंह का काफिला सागर से बीना आते समय कई स्थानों पर रोका गया, जगह-जगह स्वागत द्वार लगाये गये और गाजे बाजे के साथ उनका स्वागत किया। खुरई के बायपास स्थित आचार्य श्री विद्यासागर चौराहे से आरंभ हुई स्वागत परंपरा परसा चौराहा, बीना रोड बायपास, निर्तला, बारधा, ढुरुआ सहित अनेक ग्रामों में कार्यकर्ता गाजे बाजे के साथ स्वागत करने पूर्व गृहमंत्री के सौ से अधिक चौपहिया वाहनों के काफिले को रोकते रहे।

**इन्होनें किया स्वागत**

सर्वोदय चौराहा स्थित अटल मंच पर पूर्व गृहमंत्री भूपेन्द्र सिंह का स्वागत करने वालों में पूर्व विधायक महेश राय, करोड़ीलाल यादव, जगदीश तिवारी, नारायण जैन खिमलासा, शिवकुमार सिंह ठाकुर, राजेंद्र उपाध्याय, श्रीमती लता सकवार, श्रीमती उषा राय, अमरप्रताप सिंह, रमाकांत गोटू बिलगैंया, घनश्याम साहू, नवीन सिंह चंदेल, तिलक सिंह ठाकुर, मदन सिंह राजपूत, राहुल समैया, शैलेष शाह, कमलेश राय, साहबराज यादव, जसवंतसिंह (डब्बू) जौध सहित अनेक कार्यकर्ता शामिल रहे।

## कृषि मंत्री कंसाना के लापता होने के पोस्टर लेकर तहसील कार्यालय पहुंच गए किसान



**बीना जागरण।** सोमवार को भारतीय किसान श्रमिक जनशक्ति यूनियन ने क्षेत्र के किसानों के साथ मध्यप्रदेश शासन के कृषि मंत्री एंदलसिंह कंसाना के लापता होने के पोस्टर लगाये एवं गुहार लगाई कि लापता कृषि मंत्री को ढूंढा जाये तथा मंत्री को सामने आकर किसानों को आश्वस्त करना चाहिये था लेकिन उन्होंने अब तक किसानों के हित में किसी तरह का बयान दिया है और न ही किसानों के प्रति चिंता जताई है। इसी के तहत किसानों को हो रही समस्याओं को लेकर सोमवार को कलेक्टर के नाम एसडीएम को ज्ञापन सौंपा है, जिसमें कहा कि रवि की फसल का सीजन नजदीक है और किसानों को डीएपी यूरिया उपलब्ध नहीं हो रहा है जबकि क्षेत्र के किसानों के लिये लगभग 3500 टन डीएपी एवं 2200 टन यूरिया की मांग है। क्षेत्र में सबसे अधिक मसूर, चना एवं मटर की बोवनी होती है इसलिये उसमें डीएपी बहुत ही महत्वपूर्ण होता है। जो किसानों को नहीं मिल पा रहा है इसे जल्द ही उपलब्ध कराया जाये। ज्ञापन में मांग की गई है कि कृषि उपज मंडी में 10 टन वाला क्षमता का धर्मकांटा लगाया जाये जिससे किसानों को इससे फायदा हो सके। कृषि उपज मंडी में हम्मालों द्वारा जो किसानों से हम्माली शुल्क लिया जाता है उसे बंद किया जाये। ज्ञापन सौंपने वालों में सीताराम ठाकुर, प्रतिपालसिंह ठाकुर, दशरथ अहिरवार, जंडेलसिंह सहित कई लोग शामिल हैं।

## भवन के लोकार्पण पर बोले, राजपूत- कठिन से कठिन परिस्थितियों में भी सच्चाई का साथ नहीं छोड़ना चाहिये



**जैसीनगर जागरण।** जैसीनगर में कुशवाहा समाज द्वारा भगवान लव कुश जयंती के अवसर पर भव्य शोभायात्रा का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मध्य प्रदेश शासन के कैबिनेट मंत्री गोविंद सिंह राजपूत मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। इस अवसर पर मंत्री श्री राजपूत ने हिमांचल टौरी पर 50 लाख रुपए की लागत से निर्मित भगवान लव कुश भवन का लोकार्पण किया। मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने शोभायात्रा में शामिल होकर भगवान लव कुश की मनमोहक झांकी का पूजन-अर्चन किया। इस भव्य शोभायात्रा में सुरखी विधानसभा क्षेत्र सहित सागर जिले भर से कुशवाहा समाज के लोग बड़ी संख्या में शामिल हुए। गाजे-बाजे, अखाड़ों और डीजे की धुनों के साथ निकाली गई इस शोभायात्रा में विभिन्न ग्रामों से कुशवाहा समाज के बन्धुओं ने पधारकर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। कुशवाहा समाज के लोगों ने मंत्री श्री राजपूत का फलों से तुलादान कर स्वागत किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए श्री राजपूत ने सभी समाजजनों को भगवान लव कुश जयंती की हार्दिक शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि भगवान लवकुश और भगवान श्रीराम की महिमा से कोई अपरिचित नहीं है। यह भवन कुशवाहा समाज सहित सर्व समाज के लिए उपयोगी होगा। उन्होंने कहा कि पिछले 28 वर्षों से कुशवाहा समाज द्वारा भगवान लव कुश जयंती के अवसर पर शोभायात्रा और भव्य कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है, जो प्रत्येक वर्ष और अधिक भव्य होता जा रहा है। सुरखी विधानसभा क्षेत्र में हुए विकास कार्यों का श्रेय क्षेत्र की जनता के आशीर्वाद को जाता है। उन्होंने कहा, मैं केवल माध्यम हूं, विकास कार्य भगवान और आप सभी की प्रेरणा से संभव हुए हैं। काम करने वाला मैं हूं और कराने वाले आप सभी।

## न्यूज कार्नर



### श्रीराम कथा के लिए निकली मंगल कलश यात्रा

**जागरण, गंजबासौदा।** सितंबर से 14 सितंबर तक आयोजित होने वाली पितृ स्मरण श्रीमद् भागवत कथा और श्रीराम कथा के लिए आज श्री शीतला माता मंदिर से मंगल कलश यात्रा निकाली गई। कथावाचक पंडित केशव गुरु ने बताया कि पितृ स्वरूप भगवान जनार्दन हरि की कृपा और पितृ देवता की प्रेरणा से पिछले 15 वर्षों से पितृपक्ष में पितरों की प्रसन्नता के लिए यह आयोजन किया जाता है। उसी क्रम में इस वर्ष भी कथा के सफल आयोजन हेतु मंगल कलश यात्रा निकाली गई। यात्रा श्री शीतला माता मंदिर से शुरू होकर नगर के मुख्य मार्गों, जैसे हनुमान चौक, सावरकर चौक और सदर बाजार से होते हुए गणेशपुरा स्थित श्री मुरलीधर छैल बिहारी जी के मंदिर पहुँची। यात्रा का जगह-जगह फूल बरसाकर स्वागत किया गया और श्रीमद् भागवत जी की पूजा-अर्चना की गई। इस दौरान महिलाएँ सिर पर मंगल कलश रखकर मंगल गीत गाते हुए चल रही थीं। मंगल कलश यात्रा में कथावाचक पंडित केशव शास्त्री और गंज हनुमान मंदिर के महंत श्री महेश्वरदास त्यागी के सानिध्य में बड़ी संख्या में पुरुष और महिला श्रद्धालु शामिल हुए।

**छिंदवाड़ा में रघुवंशी समाज का राष्ट्रीय अधिवेशन संपन्न**

# रघुवंशी समाज ने मांगा ओबीसी का दर्जा हर जिले से सीएम को भेजे जाएंगे ज्ञापन

जागरण, गंजबासौदा।

**रघुवंशी समाज का दो दिवसीय राष्ट्रीय अधिवेशन छिंदवाड़ा में एक भव्य, अनुशासित और प्रेरणादायी वातावरण में सम्पन्न हुआ। इस महाअधिवेशन में न केवल मध्य प्रदेश बल्कि देश के अनेक प्रांतों गुजरात, राजस्थान, उत्तर प्रदेश, बिहार, महाराष्ट्र सहित विभिन्न राज्यों से आए समाजबंधु बड़ी संख्या में सम्मिलित हुए। विदिशा जिले से भी रघुवंशी समाज के स्वजातीय बंधुओं ने बड़ी संख्या में सहभागिता की।**



अधिवेशन में 22 बिंदुओं पर चर्चा हुई जिसमें समाज की परंपरा, संस्कृति और संगठनात्मक चेतना को सशक्त बनाने के उद्देश्य को लेकर समाज बंधुओ ने अपने-अपने विचार रखें। चर्चा के दौरान प्रस्तावों पर सहमति व्यक्त करते हुए संकल्प पारित किए गए। विभिन्न जिलों से आए सामाजिक बंधुओं ने अपने-अपने जिलों में चलाए जा रही समाज सुधार की सामाजिक गतिविधियों के बारे में जानकारी दीं।

रघुवंशी समाज का यह दो दिवसीय राष्ट्रीय अधिवेशन छिंदवाड़ा के चांद रोड़ स्थित वृंदावन लॉन में संपन्न हुआ जिसका शुभारंभ चौरई विधायक सुजीत सिंह चौधरी, सकल रघुवंशी समाज छिंदवाड़ा जिला अध्यक्ष निरंजन सिंह चौधरी सहित समाज के वरिष्ठजनों, प्रांतीय प्रतिनिधियों और प्रमुख पदाधिकारियों ने भगवान श्रीराम और यज्ञ सम्राट रघुवंशी संत शिरोमणि कनक बिहारी दास जी महाराज के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं माल्यार्पण से किया। आयोजन समिति के चक्रपाल सिंह रघुवंशी ने बताया कि दो दिनों तक चले इस आयोजन में अनेक विषयगत सत्र आयोजित हुए, जिनमें शिक्षा, संगठन, संस्कृति, विवाह योग्य युवक-युवती परिचय सम्मेलन, महिला सशक्तिकरण, युवा जागरूकता, समाज की आर्थिक प्रगति और प्रौद्योगिकी के उपयोग जैसे मुद्दों पर गंभीर मंथन हुआ। भारत वर्ष से रघुवंशी प्रतिनिधित्व के लिए अयोध्या में सकल रघुवंशी समाज का एक भव्य भवन बनने पर भी सहमति व्यक्त की गई इसके अलावा समाज को ओबीसी वर्ग में शामिल करने के लिए पूरे मध्य प्रदेश में प्रत्येक जिले से मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन देने, वही श्री राम जन्मभूमि न्यास अयोध्या में रघुवंशी समाज को प्रतिनिधि के रूप में शामिल करने के लिए प्रधानमंत्री के नाम ज्ञापन देने पर सहमति सहित प्रस्ताव पारित किया गया।

### देशभर से आए रघुवंशी समाज के प्रतिनिधियों ने की सहभागिता

इस अधिवेशन में देश के विभिन्न हिस्सों से आए समाजबंधुओं ने उत्साहपूर्वक भागीदारी की। अशोकनगर जिले से सम्मेलन में शामिल होने आए पर्वतारोही मुस्कान रघुवंशी को उनकी उपलब्धि पर छिंदवाड़ा रघुवंशी समाज द्वारा सम्मानित किया गया। अधिवेशन में मध्य प्रदेश के अलावा गुजरात, उत्तर प्रदेश, राजस्थान, छत्तीसगढ़, बिहार और महाराष्ट्र के प्रतिनिधियों ने अपने-अपने क्षेत्र में चल रहे समाजोत्थान के कार्यों की जानकारी साझा की। मध्य प्रदेश के छिंदवाड़ा, विदिशा, भोपाल, जबलपुर, इंदौर, ग्वालियर, बैतूल, अशोकनगर, कटनी, उमरिया, होशंगाबाद, सागर, गुना, धार, खरगोन, उज्जैन, होशंगाबाद, पिपरिया, बैतूल, रायसेन,नरसिंहपुर सहित अनेक जिलों से हजारों की संख्या में समाजबंधु उपस्थित रहे।

# पुलिस ने तीन गुमशुदा बच्चों को खोजकर परिजनों से मिलवाया



जागरण, गंजबासौदा।

शहर थाना पुलिस ने गुम हुए तीन बच्चों को कुछ ही घंटों में ढूंढकर उनके परिजनों से मिला दिया,जिससे उनके चेहरों पर मुस्कान लौट आई। बच्चें स्कूल जाने के बजाय पिज्जा पार्टी करने चले गए थे।

### परिजनों ने थाने में दी थी गुमशुदगी की सूचना

8 सितंबर को दोपहर करीब 1 बजकर 30 मिनिट पर कमला चंदेरिया ने थाना आकर सूचना दी कि उनका 11 वर्षीय राज, जो सेंटआरएसएस स्कूल में कक्षा 5 में पढ़ता है, अपने दो दोस्तों रुद्र (8 वर्ष) और वैभव (10 वर्ष) के साथ स्कूल गया था, लेकिन वहां नहीं पहुंचा।

मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने तुरंत कार्रवाई शुरू कर दी। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर एक टीम का गठन किया गया, जिसने शहर के बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन और अन्य स्थानों पर बच्चों की तलाश शुरू की। पुलिस ने तकनीकी और सीसीटीवी फुटेज की भी मदद ली।

**रेलवे स्टेशन के पास मिले बच्चे, बताया पिज्जा पार्टी का सच:** पुलिस टीम को तीनों बच्चे रेलवे स्टेशन के पास मिले। उन्हें थाने लाकर पूछताछ की गई, तो बच्चों ने बताया कि वे स्कूल से बंक मारकर पिज्जा पार्टी करने गए थे। उन्होंने यह भी बताया कि उनके साथ कोई अप्रिय घटना नहीं हुई है।

बच्चों की बात सुनकर पुलिस ने उनके परिजनों को सूचित किया और सभी तीनों बच्चों को सकुशल उनके हवाले कर दिया।

इस त्वरित और सराहनीय कार्रवाई में निरीक्षक संजय बेदिया, उप निरीक्षक राधेश्याम यादव, महिला आरक्षक शिवानी मिश्रा और अन्य पुलिसकर्मियों की विशेष भूमिका रही।

# आपका छोटा-सा सजग सीपीआर लोगों की बचा सकता है जान,एम्स के डॉक्टरों ने दिया प्रशिक्षण

जागरण, गंजबासौदा।



सोमवार को स्थानीय सेंट एस.आर.एस. पब्लिक हायर सेकेंडरी स्कूल में एम्स भोपाल से आए डॉक्टरों ने सीपीआर का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया। उन्होंने बताया कि आपातकालीन स्थिति में सही समय पर दिया गया सीपीआर किसी भी व्यक्ति की जान बचा सकता है। एम्स के डॉक्टरों की टीम ने कार्यशाला के दौरान स्कूल के शिक्षकों को सीपीआर की ट्रेनिंग दी। डायरेक्टर केएस यादव, मैनेजिंग डायरेक्टर श्रीमती सुधा यादव और प्राचार्य उमेशचंद्र यादव की उपस्थिति में दी गई। डॉक्टरों ने मानव पुतलों पर सीपीआर देकर शिक्षकों को अभ्यास भी करवाया। एम्स भोपाल से आए डॉक्टरों, जिनमें डॉ. गुरुदर्शन, डॉ. सेथिल कुमारन, अजय कुमार कटोच, सौरभ राय, संजीव कुमार कुशवाहा, विकास कृष्ण कुमार सोनी और विकास निवेदिया ने बताया कि किसी भी व्यक्ति की जान बहुत कीमती होती है और सीपीआर एक ऐसा तरीका है, जिससे मेडिकल मदद पहुँचने में देरी होने पर भी उसकी जान बचाई जा सकती है। उन्होंने बताया कि अगर कोई व्यक्ति अचानक बेहोश हो जाए या साँस न ले रहा हो, तो सबसे पहले उसकी स्थिति की जाँच करें। फिर तुरंत अस्पताल या एंबुलेंस को कॉल करें,यदि मदद आने में समय लग रहा हो, तो आप खुद भी सीपीआर देकर उसकी जान बचाने की कोशिश कर सकते हैं। साथ ही, यह भी ध्यान रखें कि पीड़ित को किसी सुरक्षित स्थान पर ले जाया जाए। कार्यशाला में शिक्षक परिवार ने सीपीआर देने का व्यावहारिक अभ्यास भी किया।

# 69वीं राज्य स्तरीय शालेय फुटबॉल प्रतियोगिता का शुभारंभ

जागरण, सिरोंज।



सोमवार को राज्य स्तरीय शालेय फुटबॉल प्रतियोगिता की शुरुआत में दस संभागों की टीमों के दलों ने सुबह 11बजे बस स्टैंड से एक मार्चपास्ट रैली भी निकाली, जो नगर के मुख्य मार्गो से होकर सांदीपनी स्कूल ग्राउंड पहुंची। जिसमें खिलाड़ियों का सिरोंज नगर में जगह-जगह स्वागत हुआ। वहीं सांदीपनी स्कूल ग्राउंड में सभी अतिथियों के स्वागत एवं सम्मान के साथ विधायक उमाकांत शर्मा ने मंचासीन अतिथियों के साथ खेल ध्वज फहराकर प्रतियोगिता के प्रारंभ होने कि घोषणा की। इसके बाद अतिथियों ने अपने विचार व्यक्त किए। विधायक उमाकांत शर्मा ने कहा कि आज जिस मैदान पर आप सभी खेल प्रतिभाएं पधारी हैं यह बड़ा ऐतिहासिक है। अनेक बड़ी प्रतियोगिताओं के यह मैदान साक्षी हैं। उन्हें कहा कि विदिशा जिला पुष्यमित्र शुंग की बड़ी ऐतिहासिक क्षेत्र हैं सिरोंज में सेंगर राजवंश का शासन रहा तथा लोक माता देवी अहिल्याबाई का विवाह यहां हुआ है, मप्र सरकार द्वारा यह 69 वें वर्ष पुरानी प्रतियोगिता है। कार्यक्रम को जिला पंचायत सीईओ ओ पी सनोठिया एडिशनल एसपी प्रशांत चौबे, पीटीआई संघ के अध्यक्ष सलकन बहादुर ने संबोधित किया। तत्पश्चात विधायक उमाकांत शर्मा सभी अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया और पांच दिन चलने वाली इस प्रतियोगिता में लीग,सेमीफाइनल फाइनल सहित कुल 48 मैच होंगे। प्रतियोगिता का पहला रोमांचक मुकाबला बालक वर्ग जनजाति विभाग और नर्मदा पुरम विभाग की टीमों के बीच खेला गया, जिसमें जनजाति विभाग की टीम ने 2-0 से विजय हासिल की।दूसरा मुकाबला बालिका वर्ग में शहडोल और जनजाति विभाग की टीमों के बीच हुआ, जिसमें शहडोल ने 2-0 से जीत दर्ज की।

तीसरा मुकाबला बालक वर्ग में उज्जैन और सागर संभाग के बीच खेला गया, जिसमें सागर ने 2-0 से जीत हासिल की।चौथा मैच बालक वर्ग ,भोपाल और ग्वालियर का जारी रहा इस दौरान एसडीएम सिरोंज हरिशंकर विश्वकर्मा, ब्लॉक शिक्षा अधिकारी उमेश सोनी, प्राचार्य सांदीपनि विद्यालय महेश ताम्रकार, ,नगर पालिका सिरोंज अध्यक्ष मनमोहन साहू जी एवं पार्षद गण, नगर परिषद लटेरी से विधायक प्रतिनिधि संजय (अत्तु) भंडारी राकेश शर्मा अनेक अधिकारी, कर्मचारी एवं गणमान्य नागरिक। उपस्थित रहे

**धीमी गति से निराकरण और किसानों को भुगतान में देरी पर कलेक्टर ने टीएल बैठक में जताई नाराजगी**

# सीएमएचओ, सिविल सर्जन, कृषि उप संचालक व डीएम वेयरहाउस को नोटिस

जागरण, रायसेन

कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में सोमवार को आयोजित टीएल बैठक में कलेक्टर अरुण कुमार विश्वकर्मा ने सीएम हेल्पलाइन शिकायतों एवं विभागीय गतिविधियों की गहन समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों की लापरवाही पर कड़ा रुख अपनाते हुए कई विभागीय अधिकारियों को नोटिस जारी किए।

कलेक्टर ने स्पष्ट निर्देश दिए कि सभी अधिकारी सीएम हेल्पलाइन शिकायतों का गंभीरता से समयसीमा में निराकरण सुनिश्चित करें और कार्यालय स्तर पर रोजाना इसकी मॉनिटरिंग करें। बैठक में जिला पंचायत सीईओ अंजू पवन भदौरियाए अपर कलेक्टर मनोज कुमार उपाध्यायए



एसडीएम रायसेन मनीष शर्माए जिला अधिकारी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे। अनुभागीय अधिकारी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से शामिल हुए।

### स्वास्थ्य विभाग पर सबसे ज्यादा नाराजगी

बैठक में स्वास्थ्य विभाग की शिकायतों की प्रगति अत्यधिक कम मिलने पर कलेक्टर ने सीएमएचओ और सिविल सर्जन को नोटिस जारी किए। उन्होंने एक सप्ताह में शिकायतों का निराकरण कराने के निर्देश दिए।

### कृषि और विपणन विभाग भी घेरे में

कलेक्टर ने जिला विपणन अधिकारी के पास लंबित शिकायतों और केवल 22 प्रतिशत निराकरण पर नाराजगी जताते हुए नोटिस थमाया। मूंग उपार्जन उपरांत किसानों को भुगतान में विलम्ब होने पर उप संचालक कृषि और डीएम वेयरहाउस को भी नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। कृषि विभाग की 20 नॉन-अटेन्डेन्ट शिकायतों पर भी नाराजगी जताई गई और निर्देश दिया गया कि संबंधित अधिकारियों का वेतन काटने की कार्यवाही की जाए।

### शिक्षा विभाग पर सख्ती

50 दिन से अधिक लंबित शिकायतों की समीक्षा के दौरान शिक्षा विभाग की धीमी प्रगति पर भी कलेक्अर अरुण कुमार विश्वकर्मा द्वारा नाराजगी जताई गई। कलेक्टर ने जिला शिक्षा अधिकारी को अधिक से अधिक शिकायतों का संतोषजनक निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

### अन्य विभागों को चेतावनी

कलेक्टर ने वन विभाग, पंचायत विभाग, राजस्व विभाग, संस्थागत वित्त, जल निगम, महिला बाल विकास, जनजातीय कार्य, उच्च शिक्षा, उद्योग एवं अन्य विभागों की समीक्षा करते हुए कहा कि सभी अधिकारी अपनी कार्यप्रणाली में सुधार लाएं। जल निगम के महाप्रबंधक को बैठक में अनुपस्थित रहने पर नोटिस जारी किया गया।

### किसानों को खाद वितरण सुचारू करने के निर्देश

खरीफ 2025 में खाद वितरण को लेकर कलेक्टर ने कृषि, सहकारिता और विपणन अधिकारियों को निर्देशित किया कि किसानों को टोकन के माध्यम से खाद वितरित की जाए। वितरण सुबह 7 बजे से शुरू हो और निजी विक्रेताओं के काउंटर भी लगाए जाएं। पीओएस मशीनों की संख्या बढ़ाने पर भी जोर दिया गया।

## कलश यात्रा के साथ भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ का शुभारंभ



**सलामतपुर।** नगर में भव्य संगीतमय साप्ताहिक श्रीमद भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ कथा का शुभारंभ सोमवार से हुआ है। कथा प्रारंभ होने से पूर्व द्वारकाधीश मंदिर से भव्य कलश यात्रा निकाली गई जो नगर के मुख्य मार्गों से होती हुई आयोजन स्थल हनुमान मंदिर प्रांगण पर पहुंचकर कथा प्रारंभ हुई। इसके उपरांत कथा वाचक पंडित शिवनारायण भार्गव ने संगीतमयी भागवत कथा का वाचन किया गया। उक्त आयोजन समस्त ग्रामवासी एवं भक्त जन द्वारा किया जा रहा है। सोमवार को कथा का प्रथम दिवस था। कथा का आयोजन 8 सितंबर से 14 सितंबर तक प्रतिदिन दोपहर 1 बजे से 5 बजे तक चलेगा। 14 सितंबर को समापन अवसर पर पूर्णाहुति हवन, पूजन एवं प्रसादी वितरण का कार्यक्रम रखा गया है। सोमवार को कथा स्थल पर आस-पास के क्षेत्रों से भारी संख्या में श्रद्धालु कथा श्रवण करने उपस्थित रहे।

पंजी. क्र. 8406/23.06.1967
**बहुउद्देशीय प्राथमिक कृषि साख सहकारी सोसायटी मर्या. - (बी- पैक्स) रूसल्लीसाहू, शाखा : लटेरी तह. लटेरी जिला विदिशा (म.प्र.)**
क्रमांक /01/2025.26 दिनांक. 05.09.2025
**वार्षिक आमसभा सूचना**
बहुउद्देशीय प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति मर्यादित रूसल्लीसाहू के सदस्यों को सूचित किया जाता है कि संस्था रूसल्लीसाहू की वार्षिक साधारण सभा की बैठक दिनांक 20.09.25 दिन शनिवार को स्थान समिति कार्यालय भवन रूसल्लीसाहू पर दोपहर 12:30 बजे से रखी गई है। गणपूर्ति कोरम के अभाव में बैठक स्थगित होने की दशा मे स्थागित साधारण सभा की बैठक उसी स्थान पर आधे घंटे पश्चात होगी इसमें गणपूर्ति आवश्यक नही होगी बैठक मे आपकी उपस्थिति प्रार्थनीय है।
समिति प्रबंधक वीरेन्द्र सिंह बघेल बी. पैक्स रूसल्लीसाहू — प्रशासक अरविंद रघुवंशी बी. पैक्स रूसल्लीसाहू

पंजी. क्र. 14305/16.02.1967
**बहुउद्देशीय प्राथमिक कृषि साख सहकारी सोसायटी मर्या.- (बी- पैक्स) कोलुआ पठार, शाखा : लटेरी तह. लटेरी जिला विदिशा (म.प्र.)**
क्रमांक /01/2025.26 दिनांक. 05.09.2025
**वार्षिक आमसभा सूचना**
बहुउद्देशीय प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति मर्यादित कोलुआ पठार के सदस्यों को सूचित किया जाता है कि संस्था कोलुआ पठार की वार्षिक साधारण सभा की बैठक दिनांक 20.09.25 दिन शनिवार को स्थान समिति कार्यालय भवन कोलुआ पठार पर दोपहर 12:30 बजे से रखी गई है। गणपूर्ति कोरम के अभाव में बैठक स्थगित होने की दशा मे स्थागित साधारण सभा की बैठक उसी स्थान पर आधे घंटे पश्चात होगी इसमें गणपूर्ति आवश्यक नही होगी बैठक मे आपकी उपस्थिति प्रार्थनीय है।
समिति प्रबंधक हुकम सिंह बघेल बी. पैक्स कोलुआ पठार — प्रशासक अरविंद रघुवंशी बी. पैक्स कोलुआ पठार

# करंट लगने से युवक की मौत, शव कुएं में फेंका



### खेत से ककड़ी, भुट्टे चुराने गया था युवक, दो दिन तक कुएं में पड़ा रहा शव

जागरण, रायसेन

बेगमगंज के मानपुर गांव में खेत से चोरी करने गया एक युवक करंट की चपेट में आ गया, जिससे उसकी मौत हो गई। घटना के बाद खेत मालिक और उसके बेटे ने साक्ष्य मिटाने के लिए युवक का शव पड़ोसी खेत के कुएं में फेंक दिया।

मिली जानकारी के अनुसार, 25 वर्षीय गोविंद जाटव 4 सितंबर की रात चोरी से ककड़ी-भुट्टे तोड़ने के लिए किसान सरजू अहिरवार के खेत में गया था। फसल को जानवरों से बचाने के लिए खेत की फेंसिंग में करंट प्रवाहित किया गया था। इसी दौरान गोविंद की करंट लगने से मौत हो गई। बताया जाता है कि सरजू और उसका बेटा लक्ष्मण घबराकर शव को छिपाने के लिए पड़ोसी लाल साहब पटेल के खेत स्थित कुएं में रस्सी से पत्थर बांधकर डाल आए। इस बीच जब गोविंद दो दिन तक घर नहीं लौटा, तो उसके भाई श्यामलाल ने थाने में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई। 6 सितंबर को परिजनों ने सरजू के खेत से लाल साहब के खेत तक कीचड़ में पैरों के निशान देखे। सूचना मिलने पर पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से कुएं की तलाशी ली और करीब 20 फीट गहरे पानी से शव बरामद किया। पुलिस ने आरोपी 50 वर्षीय सरजू अहिरवार और उसके 20 वर्षीय बेटे लक्ष्मण को गिरफ्तार कर लिया है। दोनों पर अलग-अलग धाराओं में प्रकरण दर्ज किया गया है। मृतक का अस्पताल में पोस्टमार्टम कर शव परिजनों को सौंप दिया गया है।

# रायसेन में किसानों की पंचायत, रखी मांगें



**सांची।** किसान जागृति संगठन द्वारा कृषि उपज मंडी रायसेन में किसान पंचायत आयोजित की गई। इसमें किसानों ने फसल बीमा, धान खरीदी, मकोडिया डेम, बिजली बिलिंग, सीमांकन, खाद आपूर्ति और कर्ज माफी जैसे मुद्दों पर चर्चा की। किसानों ने मांग की है कि सभी किसानों को पारदर्शी तरीके से फसल बीमा का लाभ दिया जाए, क्लेम खसरा स्तर पर हो और निजी कंपनियों को बाहर किया जाए। मोटा देशी धान 3100 रुपए तथा बासमती धान 6000 रुपए प्रति क्विंटल समर्थन मूल्य पर खरीदा जाए। मकोडिया डेम का निर्माण किया जाए, जिससे रायसेन-विदिशा जिले के 400 गांवों को सिंचाई और पेयजल उपलब्ध होगा। प्रत्येक गांव का सीमांकन किया जाए और तहसीलदार को राजस्व न्यायालय की भूमिका से मुक्त किया जाए। सिंचाई पंपों पर गलत बिजली बिलिंग बंद की जाए। पर्याप्त मात्रा में डीएपी और यूरिया उपलब्ध कराया जाए। किसानों के सभी प्रकार के कर्ज माफ किए जाएं। पंचायत में संगठन प्रमुख इरफान जाफरी, जिला अध्यक्ष रंजीत यादव, जिला महासचिव रामस्वरूप राठौर सहित कई किसान नेता मौजूद रहे।

पंजी. क्र. 86/16.02.1967
**बहुउद्देशीय प्राथमिक कृषि साख सहकारी सोसायटी मर्या.- (बी- पैक्स) शहरखेड़ा, शाखा : लटेरी तह. लटेरी जिला विदिशा (म.प्र.)**
क्रमांक /01/2025.26 दिनांक. 05.09.2025
**वार्षिक आमसभा सूचना**
बहुउद्देशीय प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति मर्यादित शहरखेड़ा के सदस्यों को सूचित किया जाता है कि संस्था शहरखेड़ा की वार्षिक साधारण सभा की बैठक दिनांक 16.09.25 दिन मंगलवार को स्थान समिति कार्यालय भवन शहरखेड़ा पर दोपहर 12:30 बजे से रखी गई है। गणपूर्ति कोरम के अभाव में बैठक स्थगित होने की दशा मे स्थागित साधारण सभा की बैठक उसी स्थान पर आधे घंटे पश्चात होगी इसमें गणपूर्ति आवश्यक नही होगी बैठक मे आपकी उपस्थिति प्रार्थनीय है।
समिति प्रबंधक प्रागसिंह धाकड़ बी. पैक्स शहरखेड़ा — प्रशासक अरविंद रघुवंशी बी. पैक्स शहरखेड़ा

पंजी. क्र. 87/23.03.1967
**बहुउद्देशीय प्राथमिक कृषि साख सहकारी सोसायटी मर्या.- (बी- पैक्स) मुरवास, शाखा : लटेरी तह. लटेरी जिला विदिशा (म.प्र.)**
क्रमांक /01/2025.26 दिनांक. 05.09.2025
**वार्षिक आमसभा सूचना**
बहुउद्देशीय प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति मर्यादित मुरवास के सदस्यों को सूचित किया जाता है कि संस्था मुरवास की वार्षिक साधारण सभा की बैठक दिनांक 17.09.25 दिन बुधवार को स्थान समिति कार्यालय भवन मुरवास पर दोपहर 12:30 बजे से रखी गई है। गणपूर्ति कोरम के अभाव में बैठक स्थगित होने की दशा मे स्थागित साधारण सभा की बैठक उसी स्थान पर आधे घंटे पश्चात होगी इसमें गणपूर्ति आवश्यक नही होगी बैठक मे आपकी उपस्थिति प्रार्थनीय है।
समिति प्रबंधक संतोष नामदेव बी. पैक्स मुरवास — प्रशासक अरविंद रघुवंशी बी. पैक्स मुरवास

पंजी. क्र. 8497/26.03.1967
**बहुउद्देशीय प्राथमिक कृषि साख सहकारी सोसायटी मर्या.- (बी- पैक्स) झूकरजोगी, शाखा : लटेरी तह. लटेरी जिला विदिशा (म.प्र.)**
क्रमांक /01/2025.26 दिनांक. 05.09.2025
**वार्षिक आमसभा सूचना**
बहुउद्देशीय प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति मर्यादित झूकरजोगी के सदस्यों को सूचित किया जाता है कि संस्था झूकरजोगी की वार्षिक साधारण सभा की बैठक दिनांक 18.09.25 दिन गुरुवार को स्थान समिति कार्यालय भवन झूकरजोगी पर दोपहर 12:30 बजे से रखी गई है। गणपूर्ति कोरम के अभाव में बैठक स्थगित होने की दशा मे स्थागित साधारण सभा की बैठक उसी स्थान पर आधे घंटे पश्चात होगी इसमें गणपूर्ति आवश्यक नही होगी बैठक मे आपकी उपस्थिति प्रार्थनीय है।
समिति प्रबंधक शिवपाल सिंह राजपूत बी. पैक्स झूकरजोगी — प्रशासक अरविंद रघुवंशी बी. पैक्स झूकरजोगी

## युवा ब्राह्मण विकास परिषद जिला महामंत्री बने पीयूष

**जागरण विदिशा।** क्षेत्र के युवा ब्राह्मण नेता को विदिशा में आयोजित युवा ब्राह्मण विकास परिषद की बैठक में लवली मैरिज गार्डन में आयोजित की गई। जिसमें सभी समाज के वरिष्ठों की अनुशंसा पर पीयूष शर्मा को युवा ब्राह्मण विकास परिषद का जिला महामंत्री नियुक्त किया। उनकी नियुक्ति पर अनेकों लोगों ने उन्हें बधाई दी। भाजपा गुलाबगंज मंडल अध्यक्ष प्रतीक कांग, सतीश गंगवाल, गजेंद्र नरवरिया मनोज शर्मा आदि लोगों ने उनको बधाई दी।


# जागरण विदिशा

विदिशा, 09 सितंबर 2025 शमशाबाद, कुरवाई, ग्यारसपुर www.dainikjagranmpcg.com


## बलराम जयंती पर शोभायात्रा निकलेगी

**जागरण, टिमरनी।** भारतीय किसान संघ तहसील टिमरनी द्वारा भगवान बलराम जयंती मंगलवार को ग्राम पोखरनी में हर्षोल्लास के साथ मनाई जाएगी। इस अवसर पर सुबह 9 बजे से शोभायात्रा, वाहन रैली निकाली जाएगी। तत्पश्चात किसानों की समस्याओं को लेकर तहसील कार्यालय पहुंच कर ज्ञापन सौंपा जाएगा। संघ ने बताया कि किसानों की विभिन्न समस्याओं को लेकर सभी तहसीलों में पीएम एवं सीएम के नाम ज्ञापन दिया जाएगा।

## न्यूज कार्नर

### सालों से बंद पड़ी नाली को कराया चालू



**गुलाबगंज।** नगर के बीचों बीच मुख्य मार्ग पर स्थित अस्पताल के पास सालों से नाली बंद पड़ी हुई थी जो कि रोड के बीचों बीच में थी जिससे आस पास का पानी रुक रहा था नाली चौक हो रही थी। साथ ही शासकीय अस्पताल का पानी भी रुक रहा था। सरपंच पूजा घावरी की सूज बुज और कड़क निर्णय से नाली को गंभीरता से लेते हुए तुंरत उसको सही कराने का जिम्बा उठाया और उसको सही करा कर सालों की समस्या का हल सरपंच ने निकला। इस कार्य के लिए गुलरखेड़ी क्षेत्र के रहवासियों ने सरपंच का आभार व्यक्त किया है।

### लायंस क्लब सम्राट का हुआ शपथ ग्रहण समारोह




**विदिशा।** लायंस क्लब विदिशा सम्राट का शपथ ग्रहण समारोह भंडारी पैलेस में संपन्न हुआ। इस शपथ ग्रहण समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में डिस्ट्रिक्ट गवर्नर एमजेएफलायन प्रवीण वशिष्ठ, इंस्टॉलेशन ऑफिसर पूर्व डिस्ट्रिक्ट गवर्नर एमजेएफअनिल झा, स्पेशल गेस्ट प्रथम वाइस डिस्ट्रिक्ट गवर्नर एमजेएफलायन महेश मालवीय एवं स्पेशल गेस्ट पूर्व मल्टीपल काउंसिल सेक्रेट्री एमजेएफलायन अतुल रतन शी शाह, रीजन चेयरपर्सन मुदित बंसल, जोन चेयरपर्सन लायन डॉ रवि साहू जी की उपस्थिति में चित्रांग जैन, अध्यक्ष अविनाश उज्जैनिया सचिव, राजीव जैन कोषाध्यक्ष के साथ और भी पदाधिकारियों को शपथ दिलाई गई। साथ ही दीक्षा निकेतन स्कूल छात्रावास के दिव्यांग बच्चों के स्कूल के लिए लायंस क्लब विदिशा सम्राट के द्वारा आठ पंखों को भेंट किया गया जिसमें राजकुमार छुगानी जी का भी योगदान रहा।

### चाकूबाजी के आरोपियों का पुलिस ने निकाला जुलूस

**विदिशा।** पुलिस ने चाकूबाजी और अन्य आपराधिक गतिविधियों में शामिल पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है। सिविल लाइन थाना पुलिस ने सोमवार को इन आरोपियों का सार्वजनिक जुलूस निकाला। थाना प्रभारी आरके मिश्र के अनुसार सभी आरोपी थाने की गुंडा लिस्ट में शामिल हैं। इन पर पहले भी चाकूबाजी और मारपीट के कई मामले दर्ज हैं। क्षेत्र में बढ़ती चाकूबाजी की घटनाओं को देखते हुए पुलिस ने यह कार्रवाई की। वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश पर आरोपियों को पुलिस बल की मौजूदगी में सड़कों पर घुमाया गया। इस कार्रवाई का उद्देश्य अपराधियों में कानून का खौफपैदा करना है। स्थानीय लोगों ने पुलिस की इस कार्रवाई का स्वागत किया। उनका मानना है कि ऐसी नियमित कार्रवाई से क्षेत्र में अपराध कम होंगे। पुलिस ने स्पष्ट किया है कि अपराधियों के खिलाफऐसी कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी। वहीं कोतवाली पुलिस ने भी चाकूबाजी के मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर उनका जुलूश निकाला। थाना प्रभारी ने इस तरह की घटनाओं को नियंत्रित करने के लिए पुलिस सख्त कार्यवाही करेगी।

### भाजपा की सरकार, भाजपा की नगरपालिका के बाद भी यह नौबत

# हे प्रभु... कितना सुरक्षित हमारा शहर, यहां नपाध्यक्ष को रखने पड़ गए सुरक्षा गार्ड





जागरण विदिशा

पुलिस अधिकारी भले ही समय-समय पर सुरक्षा व कानून व्यवस्था को लेकर सख्त निर्देश देते आए हों, लेकिन हकीकत यही कि शहर में सुरक्षा व्यवस्था सवालों के घेरे में हैं। यहां तक कि अब जनप्रतिनिधि भी अकेले पुलिस के भरोसे न रहकर अपने निजी सुरक्षा गार्ड रखने को मजबूर होते दिखने लगे हैं। ऐसा ही देखने में आ रहा यहां नपाध्यक्ष प्रीति राकेश शर्मा की स्थिति देखकर जिन्हें सुरक्षा की दृष्टि से जहां पुलिस की ओर से महिला आरक्षक उपलब्ध कराई गई है तो वहीं निजी तौर भी चार सुरक्षा गार्ड तैनात रखे हैं।

मालूम हो कि पिछले कुछ समय से शहर में भाजपा नेताओं, नपा पार्षदों के बीच राजनीतिक मनमुटाव एवं आपसी खींचतान की नौबत बनी हुई है। पिछले काफी समय से मामला गर्माया हुआ है और नपा में चल रही यह मनमुटाव व खींचतान की स्थिति से जिला प्रशासन व पुलिस प्रशासन को भी समय-समय पर अवगत कराया जाता रहा और अंततः नपाध्यक्ष प्रीति शर्मा को पुलिस के अलावा निजी सुरक्षा गार्डों को रखना पड़ गया है। यह स्थिति पहले अविश्वास प्रस्ताव, फिर नपा के निर्माण कार्यों की जांच अन्य विभागों से कराए जाने। इसके बाद विधायक एवं जिला प्रशासन के अधिकारी द्वारा आकस्मिक निरीक्षण व कर्मचारियों के मोबाइलों का मामला गर्माता रहा। कभी पीआईसी समिति कभी अन्य कई मुद्दों को लेकर सत्तापक्ष एवं विपक्ष के पार्षद नपा कार्यालय के समक्ष प्रदर्शन करते आए हैं। इस तरह नपा कार्यालय का समूचा माहौल खींचतान और टकराव का बना हुआ है और इसके परिणाम यह कि शहर में विकास कार्यों पर काफी समय से विराम लगा हुआ और लोग परेशान हो रहे हैं।

### नपा से लेकर संसद तक भाजपा, फिर भी असुरक्षा की नौबत

शहर की स्थिति देखें तो शहर में नपा,जनपद, जिला पंचायत,विधायक, यहां तक कि सांसद एवं प्रदेश सरकार भी भाजपा की है, लेकिन इस सबके बाद भी जब जनप्रतिनिधि स्वयं को असुरक्षित महसूस करने लगें तो फिर आम जनता को भगवान के भरोसे ही मानें।जानकारों की मानें तो विवाद व डर विपक्ष से उतना नहीं बल्कि भाजपा के अपने ही साथियों से महसूस किया जा रहा है।भाजपा में नेताओं के बीच दूरियां बढ़ती दिखाई दे रही है। यहां तक कि अब कुछ जनप्रतिनिधि व नेता जो भाजपा के विभिन्न कार्यक्रमों में एक साथ नजर आते थे।वे अब पहले की तरह एक साथ नहीं दिख रहे हैं और खास बात यह भी कि संगठन व भाजपा ने वरिष्ठ नेता, मंत्री भी इस मामले में अपनी रुचि नहीं दिखा रहे, अंदर का मामला जो भी हो, लेकिन इसके दुष्परिणाम जनता को भुगतना पड़ रहे हैं और विकास के नाम पर जनता अपने को छला हुआ महसूस करने लगी है।

### जिस तरह वातावरण निर्मित हुआ उसे ध्यान में रखते हुए रखना पड़े सुरक्षा गार्ड : शर्मा

सुरक्षा के इंतजामों पर नपाध्यक्ष प्रीति शर्मा के पति राकेश शर्मा का कहना है कि जिस तरह का वातावरण निर्मित हुआ है। उसे ध्यान में रखते हुए सुरक्षा के इंतजाम करने पड़े हैं। प्रशासन व पुलिस का उन्हें पूरा सहयोग मिला है और मिलता रहा है, पुलिस प्रशासन ने भी व्यवस्था दी है। वहीं हमने अपनी ओर से भी चार सुरक्षा गार्ड रखे हुए हैं। किससे खतरा की बात पर उन्होंने कहा कि माहौल कुछ इस तरह से बन गया है कि अपने तो अपने है पर दूसरों से खतरा हो सकता है। मालूम हो कि यह स्थिति पूर्व में अविश्वास प्रस्ताव लाने की बात से बिगड़ी है और उसके बाद से नपा के कार्य करने की गति एवं विकास कार्य अवरुद्ध बने हुए हैं। बताते हैं अध्यक्ष व उनके परिवार की सुरक्षा में लगे इन सुरक्षा गार्डों पर हर माह करीब दो लाख रुपए खर्चा हैं। सतर्कता इतनी बरती जा रही कि अहमदपुर चौराहा स्थित उनके कार्यालय में पहले बे-रोकटोक अध्यक्ष पति राकेश शर्मा से मिलना संभव था, लेकिन अब ऐसा नहीं है। पहले नाम, पता बताओ और फिर अंदर से इजाजत मिलने के बाद ही उनके कक्ष में प्रवेश मिल पाना संभव हो पाएगा। वैसे राकेश शर्मा स्वयं एक बड़े उद्योगपति है एवं उनका भी अपना अलग प्रभाव है।

## मिशन वात्सल्य समेकित बाल संरक्षण योजना को लेकर प्रशिक्षण

जागरण विदिशा

कलेक्टर के निर्देशन मे मिशन वात्सल्य समेकित बाल संरक्षण योजना अंतर्गत कलेक्ट सभा कक्ष में महिला एवं बालिकाओं को दी जाने बाली कानूनी सहायताओं के बिषय मे जानकारी दी गई। जिला कार्यक्रम अधिकारी विनीता लोढ़ा द्वारा बताया गया की हब फॉर एम्पोवरमेंट ऑफ वुमन अंतर्गत विशेष जागरूकता कार्यक्रम चलाया जा रहा है जिसमें प्रतिदिन अलग-अलग विषयों पर कार्यक्रम आयोजित किये जा रहें है। कार्यक्रम मे बाल कल्याण समिति विदिशा के अध्यक्ष रामबाबू प्रजापति द्वारा 18 वर्ष तक के बच्चों को दी जाने बाली सहयताओं के विषय मे बताया गया। बाल कल्याण समिति के सदस्य चंद्रभान सिंह बघेल द्वारा बताया गया कि किशोर न्याय अधिनियम कि मंशा अनुसार देखरेख और संरक्षण बाले हर बच्चे को आवश्यक सहयता उपलब्ध कराना है। सदस्य लक्ष्मी शर्मा द्वारा बताया गया कि एडॉप्शन प्रक्रिया के विषय मे बताया गया। सदस्य सुनीता दांगी बच्चों को नशा से दूर रखने पर जोर दिया गया। सहायक संचालक विवेक शर्मा द्वारा मिशन वात्सल्य योजना के किर्यान्वयन के विषय मे उपस्थित पर्यवेक्षकों को बताया गया कि वह बच्चा जो देखरेख और संरक्षण कि अवश्यकता रखता है को आवश्यक सहयता पहुँचाना ही योजना का मुख्य उद्देश्य है। अनुज जैन ने स्पोंसरशिप योजना कि जानकारी दी। वहीं संतोष रघुवंशी ने बाल भिक्षावृत्ती एवं बाल श्रम के विषय मे जानकारी दी। इसी के सांथ चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098 को सभी आंगनवाड़ी केंद्रों पर प्रसारित करने को कहा गया।

# वेतन की मांग पर सहकारी कर्मचारियों ने शुरू की अनिश्चितकालीन हड़ताल

जागरण विदिशा

मध्यप्रदेश में सहकारी संस्थाओं के करीब 55 हजार कर्मचारियों ने अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरू कर दी है। इसमें प्रभारी प्रबंधक, प्रबंधक, लेखापाल, ऑपरेटर, लिपिक और चौकीदार शामिल हैं। हड़ताल के चलते प्रदेश की सभी सहकारी समितियां और उचित मूल्य की दुकानें बंद हो गई हैं। इससे गरीब परिवारों को राशन नहीं मिल पा रहा है। किसानों को खाद.बीज और कृषि ऋण की सुविधा भी नहीं मिल रही है। कर्मचारियों की मुख्य मांग वेतन वृद्धि है। वे विक्रेताओं को कलेक्टर दर के अलावा 3000 रुपए, सहायक प्रबंधक को 25,000 रुपए,



ऑपरेटर को 17,000 रुपए और सभी कर्मचारियों के लिए न्यूनतम 15,000 रुपए वेतन की मांग कर रहे हैं। कर्मचारी संघ का आरोप है कि भोपाल से आदेश जारी होते हैं लेकिन जिला स्तर पर लागू नहीं किए जाते। उनका कहना है कि जब तक सरकार ठोस फैसला नहीं लेती, हड़ताल जारी रहेगी।

संघ ने कहा कि किसानों और उपभोक्ताओं को हो रही दिक्कतों की जिम्मेदार सरकार और प्रशासन है। अगर अब भी सरकार कोई कदम नहीं उठाती है तो आंदोलन और उग्र होगा।

## अहिरवार समाज संघ की ब्लॉक कार्यकारिणी भंग, सुरेन्द्र बने नगर अध्यक्ष

जागरण विदिशा

अहिरवार समाज संघ के शीर्ष नेतृत्व के आदेशानुसार, ब्लॉक की कार्यकारिणी को भंग कर दिया गया है। इस निर्णय के तहत, नगर कार्यकारिणी को छोड़कर शेष ब्लॉक कार्यकारिणी को जिला अध्यक्ष बब्लू अहिरवार द्वारा भंग किया गया। साथ ही सुरेंद्र अहिरवार को कुरवाई का नगर अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। इसके अलावा ब्लॉक और तहसील कार्यकारिणी के पुनर्गठन के लिए स्थानीय समाज के लोगों ने आगामी 15 दिनों का समय मांगा है। अहिरवार समाज संघ द्वारा आगामी अक्टूबर-नवंबर माह में एक अधिवेशन आयोजित करने का प्रस्ताव भी रखा गया है।

# फेसबुक की पोस्ट को लेकर कोतवाली में दिखी नाराजगी



जागरण विदिशा

फेसबुक पर एक पोस्ट को लेकर एक युवक के खिलाफ धार्मिक भावना भड़काने से संबंधित मामले को लेकर सोमवार की रात कोतवाली में काफी भीड़ रही। मिली जानकारी के अनुसार फेसबुक पर एक पोस्ट देखकर धार्मिक संगठनों के लोगों में नाराजी रही। पूर्व में भी यह पोस्ट फेसबुक पर डाली गई थी। तब माफी मांगने पर मामला शांत हो गया था। सोमवार को पुनः इस पोस्ट को डाल देने से नाराजी बड़ी। शिकायत मानव अधिकार आयोग के सदस्य प्रियंक कानूनगो के पास भी पहुंची और वे स्वयं कोतवाली पहुंच गए। इस दौरान अन्य संगठन के लोग भी मौजूद रहे।

वहीं कोतवाली थाना प्रभारी आनंद राज ने बताया कि आरोपी के खिलाफ धार्मिक भावना भड़काने का प्रकरण दर्ज करने की कार्यवाही की जा रही है।

# 30 से 40 साल गुजर गए पर नहीं मिला पट्टा, कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन

### मांग नहीं हुई पूरी तो होगी भूख हड़ताल



जागरण विदिशा

जतरापुरा वार्ड नंबर 2 महाकाल नगर के निवासियों ने सोमवार को कलेक्ट्रेट में धरना दिया। आम आदमी पार्टी के साथ मिलकर लोगों ने अपने मकानों के पट्टे की मांग की। जिला अध्यक्ष प्रमोद शर्मा के नेतृत्व में बड़ी संख्या में लोग कलेक्ट्रेट पहुंचे।

प्रदर्शनकारियों का कहना है कि वे 30-40 सालों से यहां रह रहे हैं। अब तक किसी को पट्टा नहीं मिला। कच्चे घरों में रहने से वे दुर्घटनाओं के भय में जीते हैं। काफी देर तक कोई अधिकारी नहीं आया। इससे नाराज लोग कलेक्ट्रेट बिल्डिंग के अंदर धरने पर बैठ गए। समझाने के बाद वे शांत हुए। लेकिन उन्होंने कहा कि पट्टे मिलने तक आंदोलन जारी रहेगा। प्रमोद शर्मा ने बताया कि एक माह पहले ज्ञापन भी दिया था, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। करीब 500 से अधिक लोगों को पट्टे नहीं मिले हैं। उन्होंने चेतावनी दी कि मांग पूरी न होने पर भूख हड़ताल भी की जाएगी। प्रशासन ने आश्वासन दिया है कि मामले की जांच होगी। जिन लोगों का हक बनता है, उन्हें पट्टे दिए जाएंगे।

# चांदी की पालकी में निकले भगवान महावीर स्वामी




जागरण विदिशा

जैन धर्म के पर्वराज पर्यूषण पर्व का समापन सोमवार को क्षमावाणी महापर्व के रूप में हुआ। शीतलनाथ दिगंबर जैन छोटा मंदिर से भव्य शोभायात्रा निकाली गई। इसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। शोभायात्रा में घोड़े, बग्घी और बैंड-बाजे के साथ आकर्षक झांकियां सजाई गईं। भगवान महावीर स्वामी की चांदी की पालकी को श्रद्धालु कंधों पर लेकर चले। यात्रा बजरिया, बड़ा बाजार और किरी मोहल्ला होते हुए माधवगंज तक पहुंची।

मार्ग में जैन और अन्य समाज के लोगों ने पालकी में विराजमान भगवान की आरती उतारी, श्रद्धालुओं ने पुष्पवर्षा की। माधवगंज में धर्मसभा का आयोजन किया गया। यहां भगवान महावीर स्वामी का अभिषेक, शांतिधारा और पूजन हुआ। धर्मसभा में वक्ताओं ने क्षमावाणी पर्व का महत्व समझाया। कार्यक्रम के अंत में सभी ने एक.दूसरे से मनए वचन और काय से क्षमा मांगी। छोटों ने बड़ों के पैर छूकर क्षमा याचना की।

जैन समाज के प्रदीप जैन ने बताया कि क्षमावाणी पर्व आत्मशुद्धि और आपसी सौहार्द का पर्व है। उन्होंने कहा कि जीवन में क्षमा सबसे बड़ा धर्म है। जैन समाज के लोगों ने जाने.अनजाने में हुई गलतियों के लिए सभी से क्षमा मांगी।

## जैन धर्म का पर्यूषण पर्व भक्तिभाव से मनाया गया



**शमशाबाद.** जैन धर्म के पावन पर्व 10 लक्षण महापर्व के अवसर पर नगर के चंद्रपुर दिगंबर जैन मंदिर एवं तारांतरण दिगंबर जैन चेत्यालय में अनेक धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किये गए। जिसमें श्रावकों द्वारा आत्म शुद्धि के महापर्व पर प्रतिदिन प्रातः श्रीजी का अभिषेक पूजन विधान, शांति धारा आरती आदि कार्यक्रम होते हैं वहीं शाम को श्रीजी की आरती एवं सांगानेर संस्थान से पधारे जतिन भैया जी द्वारा प्रवचन किए जाते हैं तदुपरांत धार्मिक कार्यक्रम एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं जिसमें भजन प्रतियोगिताएहाऊजीए क्रिकेट आदि प्रतियोगिताएं आयोजित कराई गई। जिसमें सभी प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कार वितरण किए गए। एवं पूनों के दिन श्रीजी की शोभायात्रा निकाली गई जो जैन मंदिर से आरंभ होकर नगर के मुख्य मार्ग से होती हुई मंडी गेट पहुंची। जहां धार्मिक लोगों द्वारा श्रीजी की आरती की गई एवं शोभायात्रा का समापन पुनः जैन मंदिर पहुंच कर हुआ। जहां जी का अभिषेक पूजन हुआ एवं श्री जी को समोसरण में विराजमान किया गया तदुपरान्त सांगानेर संश्थान से पधारे जतिन भैया जी का विदाई समारोह आयोजित किया गया।

### खेलों के माध्यम से खिलाड़ियों में अनुशासन, टीम भावना और आत्मश्विास का होता है विकास

# लॉन टेनिस प्रतियोगिता का शुभारंभ, 300 खिलाड़ी हुए शामिल

जागरण विदिशा

जिले में खेलों का जुनून और उत्साह उस समय देखने को मिला जब स्प्रिंगफील्ड स्कूल के खेल प्रांगण ने 69वीं राज्य स्तरीय लॉन टेनिस प्रतियोगिता के शुभारंभ हुआ। इस भव्य आयोजन में प्रदेशभर से पहुंचे करीब 300 खिलाड़ी, 60 तकनीकी अधिकारी और 170 विभागीय कर्मचारियों ने शिरकत कर माहौल को और अधिक ऊर्जावान बनाया।

कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं सरस्वती वंदना के साथ हुआ। जिला पंचायत अध्यक्ष गीता कैलाश रघुवंशी, नगर पालिका अध्यक्ष प्रीति राकेश शर्मा, स्प्रिंगफील्ड स्कूल के चेयरमैन योगेंद्र राणा, प्राचार्य विनय अग्रवाल एवं नारायण स्कूल के प्राचार्य भरत यादव मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहे। अतिथियों ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित किए और प्रतियोगिता की विधिवत शुरुआत की।




इस अवसर पर स्प्रिंगफील्ड स्कूल के छात्र-छात्राओं ने सरस्वती वंदना और देशभक्ति गीतों की प्रस्तुति देकर उपस्थित जनसमूह का मन मोह लिया। प्रतियोगिता के दौरान मध्य प्रदेश का राज्य ध्वज फहराया गया। ध्वजारोहण का दायित्व जिला पंचायत अध्यक्ष गीता कैलाश रघुवंशी ने निभाया। वहीं खिलाड़ियों और कार्यक्रम के विधिवत शुभारंभ की घोषणा नगर पालिका अध्यक्ष प्रीति राकेश शर्मा ने की। कार्यक्रम प्रतिवेदन का वचन डीपीसी आरपी लखेर द्वारा किया गया। इस अवसर पर उपस्थित सभी खिलाड़ियों में नई ऊर्जा और खेल के प्रति समर्पण की भावना स्पष्ट दिखाई दी। जिला शिक्षा अधिकारी शिशुपाल सिंह जाटव के निर्देशानुसार मंच से प्रभारी जिला क्रीड़ा अधिकारी संतोष चतुर्वेदी ने सभी संभागों से आए जनरल मैनेजर और प्रशिक्षकों का पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया। कार्यक्रम में विशेष रूप से स्प्रिंगफील्ड स्कूल के डायरेक्टर करण राणा एवं मीनल राणा, ब्लॉक शिक्षा अधिकारी लिली जैन, प्रतियोगिता के नोडल अधिकारी के. सिंह, ब्लॉक क्रीड़ा अधिकारी अंबेश सोनी तथा शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय माधवगंज क्रमांक.1 की प्राचार्य इंदुमती खरे वरिष्ठ खेल शिक्षक राजेंद्र यादव अनिल सोनी, कुपदीप भारती सहित अतिथि खेल शिक्षकों की उपस्थिति रही। कार्यक्रम का संचालन खेल शिक्षक भूपेंद्र शर्मा ने किया।

### खिलाड़ियों को प्रतिभा दिखाने मिला अवसर

इस दौरान वक्ताओं ने कहा कि विदिशा में हो रही यह प्रतियोगिता न केवल खेल प्रतिभाओं को निखारने का अवसर देगी बल्कि जिले की खेल संस्कृति को भी नई दिशा प्रदान करेगी। राज्य स्तरीय इस आयोजन से युवा खिलाड़ियों को बड़े मंच पर अपनी प्रतिभा दिखाने का मौका मिलेगा। आयोजन समिति का मानना है कि खेलों के माध्यम से खिलाड़ियों में अनुशासन, टीम भावना और आत्मविश्वास का विकास होता है। भव्य शुभारंभ के साथ ही प्रतियोगिता की शुरुआत हो चुकी है और आने से वाले दिनों में खिलाड़ी अपने-अपने कौशल का प्रदर्शन कर दर्शकों का मन मोहेंगे। विदिशा का यह आयोजन आने वाले समय में प्रदेश की खेल प्रतिभाओं के लिए मील का पत्थर साबित होगा। उक्त जानकारी सह मीडिया प्रभारी पंकज भार्गव ने दी।

# कांग्रेस ने मेहरूखेड़ी में भी लगाए मंत्री कंसाना के गुम होने के पोस्टर



जागरण विदिशा

जिले की गुलाबगंज तहसील के ग्राम मेहरूखेड़ी में किसान कांग्रेस जिलाध्यक्ष विनीत दांगी के नेतृत्व में खाद विपणन सहकारी संस्था पहुंचकर खाद लेने के लिए लाइन में लगे किसानों से बात कर उनकी समस्याएं सुनी समिति प्रबन्धक से बात कर समस्याओं से अवगत कराया।

किसान बहुत परेशान हो रहे हैं एक से तीन अधिकतम बोरी यूरिया डीएपी दिया जा रहा है। साथ ही नैनो डीएपी नैनो यूरिया जबरदस्ती दिया जा रहा है। हम शासन-प्रशासन से मांग करते हैं कि किसानों को परेशान न किया जाए अन्यथा हम किसानों की लड़ाई सड़क से लेकर विधानसभा तक उठाएंगे।

साथ ही खाद की कालाबाजारी रोकने एवं मध्य प्रदेश के कृषि मंत्री एंदल सिंह कंसाना के लापता के पोस्टर लगाए और आग्रह किया कि वो जनता के सामने आएं और किसानों की समस्याओं संवेदनाओं को समझें उन्हें उचित मात्रा में यूरिया डीएपी की उपलब्धता सुनिश्चित करवाएं विदिशा जिले के किसानों को प्रीमियम से भी कम फसल बीमा मिला है उसको संज्ञान में लें। इस मौके पर अरुण शर्मा, दीप सिंह दांगी, राजीव ठाकुर, रितिक दांगी, हेमंत सिंह आदि कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।